05 May -26 page 1 04-05-2026 10:55 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 05 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 132 पेज -09 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




### बंगाल की एतिहासिक जीत पर बीजेपी मुख्यालय में जश्न

# पीएम मोदी ने कहा : गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी में उत्साह का माहौल है। पहली बार राज्य में सरकार बनाने जा रही भाजपा के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जीत को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है, जो देशभर में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 47 मिनट के संबोधन में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली सफलता को जनता के विश्वास और पार्टी कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की भी जीत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत केवल एक लोकतंत्र नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जननी है और हालिया चुनावों ने इसे एक बार फिर साबित किया है।

आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में नई सरकार की प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि पहली ही कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी जाएगी, जिससे राज्य के गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा। प्रधानमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं को रोजगार और राज्य से हो रहे पलायन को रोकने को भी अपनी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल बताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार पश्चिम बंगाल में ऐसा माहौल बनाएगी, जहां महिलाओं को सुरक्षा, युवाओं को अवसर और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि विकास और सुशासन के जरिए राज्य को नई दिशा दी जाएगी।

## पार्टी के विस्तार का प्रतीक

अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए 2013 की उस घटना को याद किया, जब उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया गया था। उन्होंने कहा कि जब वे वाराणसी से चुनाव लड़ने गए थे, तब उनके मन में यह भावना आई थी कि उन्हें मां गंगा ने बुलाया है। उन्होंने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल में भाजपा-एनडीए सरकार बनने को गंगा के किनारे बसे राज्यों में पार्टी के विस्तार का प्रतीक बताया।

प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग, सुरक्षा बलों और चुनाव से जुड़े सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन सभी के प्रयासों से ही देश में लोकतंत्र की गरिमा बनी रहती है और निष्पक्ष चुनाव संभव हो पाते हैं।

इस बीच, प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर भी अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए कहा कि 2026 का पश्चिम बंगाल चुनाव जनता की शक्ति और सुशासन की राजनीति की जीत के रूप में याद रखा जाएगा। उन्होंने राज्य की जनता का आभार जताते हुए कहा कि वे हर नागरिक के सामने नतमस्तक हैं और उनके विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। पश्चिम बंगाल में भाजपा की इस जीत को राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि राज्य में अब तक पार्टी को सत्ता का अवसर नहीं मिला था। इस जीत के साथ ही भाजपा ने पूर्वी भारत में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी अपने वादों को किस हद तक पूरा कर पाती है और राज्य के विकास को किस दिशा में आगे बढ़ाती है।

# केरलम की जीत भी नहीं दूर कर पायी विपक्षी खेमे की मायूसी, किस पर फोड़ा हार का ठीकरा ?

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों में भले ही केरलम में कांग्रेस गठबंधन को जीत मिली है लेकिन इसके बाद भी बंगाल, तमिलनाडु, असम व पुडुचेरी में विपक्षी खेमे को जिस तरह से हार का सामना करना पड़ा है, उससे विपक्षी खेमे में भारी मायूसी दिखी।

यह बात अलग है कि इन चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने कुछ खोया नहीं बल्कि पाया ही है केरलम में उसकी जीत के बड़े मायने है, वह भी तब जब बंगाल व तमिलनाडु में विपक्षी दल ढेर हो गए। ऐसे में कांग्रेस की जीत विपक्षी खेमे में उसकी बढ़त बनाए हुए है। यही वजह है कि हार पर अक्सर कड़ी प्रतिक्रिया देने वाली कांग्रेस नतीजों के बाद बेहद सधी प्रतिक्रिया दे रही है।

### असम में कमजोर संगठन और गुटबाजी से हारी कांग्रेस

वहीं असम में भी कांग्रेस पार्टी जीत की उम्मीद लगाए हुए थे, हालांकि नतीजों के बाद पार्टी नेताओं का कहना था कि वह परिसीमन के साथ राज्य में पार्टी का कमजोर संगठन व पार्टी नेताओं के बीच आपसी गुटबाजी पार्टी की हार का बड़ा कारण है। वहीं बंगाल व तमिलनाडु में कांग्रेस कहीं लड़ाई में नहीं थी। ऐसे में वहां की जीत-हार का उस पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।



वैसे भी बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस ने अलग-अलग ही चुनाव लड़ा था। केरलम में सीपीआइ(एम) को हार को भले ही कांग्रेस जीत के रूप में देख रही है लेकिन इसने विपक्षी एकता को ही कमजोर किया है। इन चुनावी नतीजों पर अभी भले ही विपक्ष खेमें में मायूसी है, लेकिन जल्द ही विपक्षी दलों के बीच इस करारी हार को लेकर घमासान देखने को मिल सकता है।

राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यह घमासान राष्ट्रीय स्तर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर दिखेगा, वहीं पार्टी के भीतर अंदरूनी खींचतान भी दिखेगा। खासकर तमिलनाडु में डीएमके भीतर स्टालिन के वर्चस्व को लेकर परिवार के भीतर यह खींचतान दिख सकता है।

### राहुल ने केरलम की जनता को कहा धन्यवाद

पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के के बाद कांग्रेस नेता व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जहां केरलम की जीत पर राज्य के लोगों का धन्यवाद जताया है, वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि केरलम को छोड़ दें तो अन्य जो नतीजे आए है, वो हमारी उम्मीदों के अनुरूप नहीं है। लेकिन हम न निराश है न हताश। विचारधारा के लड़ाई हम लड़ रहे है। जल्द ही हम नतीजों का गहराई से विश्लेषण करेंगे।

# भवानीपुर सीट से ममता बनर्जी हारीं, नंदीग्राम से भी जीते सुवेंदु अधिकारी



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। वहीं ममता बनर्जी अपनी भवानीपुर की सीट भी नहीं बचा पाईं। इस सीट से भारतीय जनता पार्टी के नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को हराया है।

चुनाव आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, भवानीपुर सीट पर सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को 15,105 वोटों से हराया है। सुवेंदु नंदीग्राम सीट से भी चुनाव मैदान में थे, यहां से भी बीजेपी नेता ने जीत हासिल की है।

भवानीपुर सीट पर काउंटिंग के दौरान दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। 13वें राउंड की गिनती तक ममता बनर्जी इस सीट से आगे चल रही थीं, लेकिन जैसे-जैसे अगले राउंड की गिनती होने लगी, ममता और सुवेंदु के बीच वोटों का अंतर कम होने लगा। 16वें राउंड की काउंटिंग के बाद सुवेंदु, ममता बनर्जी से आगे निकल गए और वोटों की गिनती के पूरा होने के साथ सुवेंदु की झोली में भवानीपुर की सीट आ गई। सुवेंदु अधिकारी ने विधानसभा चुनाव 2021 में ममता बनर्जी को नंदीग्राम सीट से हराया था और इस बार विधानसभा चुनाव 2026 में भवानीपुर सीट से शिकस्त दी है।

### संघर्ष, संगठन और नेतृत्व ने रचा इतिहास : सांसद अतुल



**करंट क्राइम :** सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में यह जीत किसी एक दिन की नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, संगठन की मजबूती और नेतृत्व की स्पष्ट दिशा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के विकासवादी विजन, अमित शाह की रणनीतिक कुशलता और सुनील बंसल जैसे संगठन शिल्पकारों की मेहनत ने असंभव को संभव किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी डटे रहकर लोकतंत्र को मजबूत किया और ममता बनर्जी की राजनीति को चुनौती दी।

### बूथ से लेकर सत्ता तक का सफर : सत्येंद्र सिसोदिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष



**करंट क्राइम :** सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की जीत भाजपा के बूथ स्तर तक फैले मजबूत संगठन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और अमित शाह की चुनावी रणनीति ने कार्यकताओं में ऊर्जा भरी, जबकि सुनील बंसल की संगठनात्मक संरचना ने हर बूथ को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि यह जीत उन देवतुल्य कार्यकताओं की है जिन्होंने विपरीत हालात में भी संघर्ष किया और ममता बनर्जी की सत्ता को चुनौती दी।

### विचारधारा और परिश्रम की निर्णायक जीत: कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



**करंट क्राइम।** सुनील शर्मा ने कहा कि यह जीत राष्ट्रवाद, सुशासन और संगठन की विचारधारा की जीत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं और अमित शाह की राजनीतिक रणनीति ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विश्वास का वातावरण बनाया। उन्होंने कहा कि सुनील बंसल जैसे संगठनकताओं ने कार्यकताओं को जोड़ा और हर स्तर पर मजबूती दी, जिसके चलते ममता बनर्जी की राजनीति को जनता ने नकार दिया।

### भयमुक्त बंगाल की शुरूआत मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप



**करंट क्राइम :** नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की जनता ने भय और असुरक्षा के माहौल से बाहर निकलने के लिए भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व, अमित शाह के दृढ़ निर्णय और संगठन की मजबूत पकड़ ने जनता को भरोसा दिलाया कि बदलाव संभव है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी लोकतंत्र की रक्षा की और ममता बनर्जी के शासन के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे।

### ऐतिहासिक परिवर्तन का दौर: पूर्व राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल



**करंट क्राइम :** अनिल अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत है। उन्होंने कहा कि यह जीत मजबूत नेतृत्व, सटीक रणनीति और संगठन के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मोदी, अमित शाह और सुनील बंसल की तिकड़ी ने वह कर दिखाया जो पहले असंभव माना जाता था, और कार्यकताओं ने इसे जमीन पर उतारा।

### लोकतंत्र की जीत, संघर्ष का परिणाम : एमएलसी दिनेश गोयल



**करंट क्राइम :** दिनेश गोयल ने कहा कि यह परिणाम लोकतंत्र की जीत और लंबे संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने पार्टी को दिशा दी, जबकि सुनील बंसल ने संगठन को जमीन पर उतारा। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने हर चुनौती का सामना करते हुए जनता के बीच विश्वास कायम किया और ममता बनर्जी की राजनीति को जनता ने खारिज कर दिया।

### विकास की राजनीति की जीत: विधायक शहर संजीव शर्मा



**करंट क्राइम :** संजीव शर्मा ने कहा कि यह जीत विकास की राजनीति की जीत है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश में जो विकास की धारा चली, उसी ने बंगाल में भी विश्वास पैदा किया। उन्होंने कहा कि अमित शाह की रणनीति और संगठन की मजबूती ने भाजपा को इस मुकाम तक पहुंचाया, जबकि ममता बनर्जी की नीतियों को जनता ने नकार दिया।

### राष्ट्रहित सर्वोपरि : विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर



**करंट क्राइम :** नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की जनता ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भाजपा को जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने देश को मजबूत किया है और उसी विश्वास के साथ जनता ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकताओं ने हर स्तर पर संघर्ष किया और ममता बनर्जी की राजनीति को चुनौती दी।

### संगठन की मजबूती का परिणाम : विधायक धोलाना धर्मेश तोमर



**करंट क्राइम :** धर्मेश तोमर ने कहा कि यह जीत भाजपा के मजबूत संगठन और रणनीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सुनील बंसल ने संगठन को जिस तरह से खड़ा किया, उसने हर कार्यकर्ता को सक्रिय किया। उन्होंने कहा कि मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने कार्यकताओं में विश्वास भरा और ममता बनर्जी के खिलाफ माहौल तैयार किया।

### युवा और संगठन की ऊर्जा : मयंक गोयल, महानगर अध्यक्ष



**करंट क्राइम।** मयंक गोयल ने कहा कि इस जीत में युवाओं और कार्यकताओं की ऊर्जा का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व और अमित शाह की रणनीति ने युवाओं को जोड़ा, जबकि संगठन ने उन्हें दिशा दी। उन्होंने कहा कि यह जीत ममता बनर्जी की राजनीति के खिलाफ जनता का स्पष्ट संदेश है।

### महिलाओं का निर्णायक समर्थन : ममता त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष



**करंट क्राइम :** ममता त्यागी ने कहा कि बंगाल की महिलाओं ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं और सुरक्षित माहौल के वादे ने महिलाओं का विश्वास जीता। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने हर घर तक पहुंच बनाकर महिलाओं को जोड़ा और ममता बनर्जी की राजनीति के खिलाफ मजबूत माहौल बनाया।

### तीन राज्यों की जीत, विकास और विश्वास की विजय : सुनीता दयाल, महापौर



**करंट क्राइम :** गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत देश की जनता के विश्वास, विकास की सोच और मजबूत नेतृत्व की विजय है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, अमित शाह की रणनीति और सुनील बंसल के संगठन कौशल ने इस ऐतिहासिक जीत की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि देवतुल्य कार्यकताओं की अथक मेहनत ने हर बूथ तक भाजपा की नीतियों को पहुंचाया और जनता ने इसे जनादेश में बदल दिया। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में मिली जीत इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता अब विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश ममता बनर्जी की राजनीति के खिलाफ स्पष्ट संदेश है और आने वाले समय में देश इसी दिशा में आगे बढ़ेगा।




# सियासत के सिंघम बने सांसद अतुल गर्ग

## जहां कमान मिली, वहां विपक्षियों की कुर्सियां हिलीं

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग इन दिनों सिर्फ एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि चुनावी रणनीति के ऐसे चेहरे बनकर उभरे हैं जिनका नाम आते ही जीत की उम्मीद खुद-ब-खुद जुड़ जाती है। संगठन में उनकी एंट्री जहां भी हुई, वहां परिणामों ने कहानी खुद लिख दी। यही वजह है कि कार्यकताओं के बीच उनका अंदाज अब सिंघम स्टाइल के रूप में चर्चा में है–सीधा, तेज और असरदार।

चंडीगढ़ में प्रभारी बनते ही भाजपा का मेयर बनना हो या दिल्ली विधानसभा चुनाव में जिम्मेदारी संभालने के बाद बहुमत की सरकार का रास्ता साफ होना–इन घटनाओं ने उन्हें संगठन का भरोसेमंद रणनीतिकार बना दिया है। सियासत के जानकार इसे महज संयोग नहीं, बल्कि उनकी सटीक प्लानिंग और जमीन पर पकड़ का नतीजा मानते हैं। पश्चिम बंगाल जैसे कठिन राजनीतिक मैदान में भी उनकी सक्रियता ने संदेश दिया कि वे सिर्फ अपने क्षेत्र तक सीमित नेता नहीं हैं। वहां भी संगठन को नई धार देने में उनकी भूमिका को लेकर चचाएं तेज रहीं। यह उनकी उस क्षमता को दिखाता है, जिसमें वे अलग-अलग राज्यों की राजनीतिक परिस्थितियों को समझकर रणनीति गढ़ते हैं।

राष्ट्रीय मुद्दों पर भी उनका तेवर कम नहीं दिखा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राष्ट्रपति के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि वे सिर्फ चुनावी चेहरा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विमर्श का भी हिस्सा हैं। विरोधी देशों की नीतियों को बेनकाब करने की मुहिम में उनकी सक्रियता ने उनकी छवि को और धार दी।

अतुल गर्ग की राजनीति का सबसे दिलचस्प पहलू उनका सरप्राइज स्टाइल है। जब गाजियाबाद से वी.के. सिंह की जगह उन्हें टिकट मिला, तब यह फैसला कई लोगों के लिए चौंकाने वाला था। लेकिन उसी सरप्राइज को उन्होंने अपनी ताकत बना लिया। अब स्थिति यह है कि विरोधी हर कदम पर उनके अगले दांव को लेकर असमंजस में रहते हैं। मंचों पर उनके चुटीले और धारदार पंच उन्हें भीड़ से अलग खड़ा करते हैं। उनके भाषण सिर्फ शब्द नहीं होते, बल्कि ऊर्जा और संदेश का ऐसा मिश्रण होते हैं जो कार्यकताओं में जोश भर देता है। यही वजह है कि पार्टी के हर बड़े कार्यक्रम में वे फोकस में नजर आते हैं। विरोधियों के लिए उनकी राजनीति लगातार चुनौती बनती जा रही है। उनके समर्थक खुले तौर पर कहते हैं कि जहां अतुल गर्ग, वहां जीत तय। सियासत में तेजी से उभरती यह छवि अब एक बड़े संकेत की ओर इशारा कर रही है–अभी और बड़े रोल बाकी हैं। पिक्चर अभी बाकी है अब सिर्फ डायलॉग नहीं, बल्कि उस राजनीतिक रफ्तार का ऐलान बन चुका है, जो आने वाले समय में और तेज होने वाली है।



# प्रचंड जीत पर पीएम मोदी बोले- पश्चिम बंगाल में खिला कमल, कार्यकर्ताओं के संघर्ष को सलाम

**नई दिल्ली।** देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना जारी है। बंगाल में भाजपा ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है। केरल ने यूडीएफ गठबंधन जीत के करीब है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा- इस जीत के साथ-साथ वंदे मातरम के 150वें वर्ष में भारत माता को और उसी बंकिम जी को बंगाल के लोगों ने अपना सादर नमन प्रेषित किया है। श्री अरबिंदो को भी मतदाताओं ने ऐतिहासिक श्रद्धांजलि दी है। बंगाल में हमारे कितने भी कार्यकताओं ने अपना जीवन इस जीत के लिए समर्पित किया है। भाजपा की कितनी महिला कार्यकताओं को तमाम अत्याचार सहने पड़े। केरल में और बंगाल में भाजपा के हर कार्यकर्ता को कितनी मुसीबतें झेलनी पड़ीं। उन पर कितने जुल्म हुए हैं, कितने अत्याचार हुए हैं। मैं आज बंगाल में भाजपा की सफलता का श्रेय ऐसे सभी कार्यकताओं को और उनके परिवारों को देता हूं। मैं यह जीत बंगाल की जनता को समर्पित करता हूं।



**आज से बंगाल भयमुक्त हुआ है- पीएम मोदी :** इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- गुजरात में इस बार भाजपा को स्थानीय चुनाव में सबसे बड़ा वोट शेयर मिला है। ये भाजपा की गुड गवर्नेंस का सबसे बड़ा उदाहरण है। आज भाजपा कार्यकर्ता के रूप में मेरे मन में एक और बात आ रही है। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा को कितनी शांति मिली होगी। उन्होंने 1951 में जनसंघ की स्थापना कर के प्रत्येक कार्यकर्ता को संदेश दिया था कि देश के लिए जीना है और देश के लिए मरना है। उन्होंने अपने जीवन से साबित किया कि राष्ट्र सर्वोपरि का मंत्र लेकर चलने वाले अपना जीवन देने में एक पल का भी संकोच नहीं करते। डॉ. मुखर्जी ने पश्चिम बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए रखने के लिए एक बड़ी लड़ाई लड़ी। उन्होंने जिस समृद्ध बंगाल का सपना देखा था, वह सपना कई दशकों से पूरा होने का इंतजार कर रहा था।

### '20 से ज्यादा राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें'

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा- आज देश के 20 से ज्यादा राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। हमारा मंत्र है नागरिक देवो भव:। हम जनता की सेवा में जुटे हुए हैं। इसलिए जनता भाजपा पर ज्यादा से ज्यादा भरोसा कर रही है। जनता साफ देख रही है कि जहां भाजपा, वहां गुड गवर्नेंस। जहां भाजपा, वहां विकास। आप बीते दो साल के ट्रेंड को देखिए। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनी। महाराष्ट्र में जबरदस्त जीत मिली। दिल्ली में अभूतपूर्व जीत मिली। बिहार में भी हमें बड़ी जीत हासिल हुई। यह जीत सिर्फ राज्यों में ही नहीं लोकल गवर्नेंस में भी दिख रही है।

### असम में भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन मिला- पीएम मोदी

इस दौरान असम की जीत का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा- असम के टी-गार्डन वाले शहरों में भी भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन मिला है। असम अब अपने विकास की रफ्तार और बढ़ाएगा। साल 2021 में हमने पुदुचेरी की जनता के सामने पुदुचेरी का विजन रखा था। पुदुचेरी की जनता ने हमें अपना आशीर्वाद दिया था। पुदुचेरी की जनता ने इस विजन को पूरा करने के लिए हम पर एक बार फिर अपना भरोसा कायम किया है। मैं पुदुचेरी के युवाओं, मछुआरों को भरोसा देना चाहता हूं कि एनडीए की सरकार आपके लिए काम करती रहेगी।

## असम-बंगाल और पुडुचेरी में बढ़त पर सीएम योगी ने मनाया जश्न
# बोले- ये जीत पीएम के प्रति जन-विश्वास का प्रतीक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच राज्यों के चुनाव परिणामों को पीएम मोदी के नेतृत्व पर जनता के विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश नए भारत के संकल्प को मजबूत करेगा और भाजपा की नीतियों पर लोगों का भरोसा दशार्ता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के ऐतिहासिक परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे पीएम मोदी के प्रति देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व और लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है।



### कार्यकताओं और पदाधिकारियों को बधाई

अपनी पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व एवं लोक-कल्याणकारी नीतियों पर देशवासियों का अटूट विश्वास है, जो आज विधानसभा चुनाव के ऐतिहासिक परिणामों के रूप में पुनः परिलक्षित हुआ है। पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनना इसी अगाध विश्वास का सुफल है।

जन-जन का यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री जी के 'नए भारत-विकसित भारत' के विराट संकल्प की सिद्धि को एक नई गति प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक विजय के लिए बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के भाजपा संगठन से जुड़े सभी समर्पित पदाधिकारियों, कर्मठ कार्यकताओं व विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने आगे लिखा कि सुशासन व राष्ट्रवाद को अपना बहुमूल्य आशीर्वाद प्रदान करने वाली जनता-जनार्दन का हृदय से आभार एवं अभिनंदन।

## बंगाल में भाजपा की जीत पर जश्न, सीएम रेखा गुप्ता ने मनाया उत्सव
# झालमूरी और रसगुल्ला खाकर दिल्ली में मनाई जीत की खुशी

**सीएम बोलीं :मोदी नेतृत्व में देश भगवा रंग में रंग रहा**

**महिलाओं की सुरक्षा और बदलाव को बताया जनता का जनादेश**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री गुप्ता ने एक्स पर एक बधाई संदेश भी साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का हर राज्य भगवा रंग में रंग रहा है। असम में हैट्रिक जीत के साथ बंगाल में भी भाजपा सरकार बनी है। उन्होंने इस शानदार जीत पर हार्दिक बधाई दी।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत का जश्न मनाया। उन्होंने अपने कार्यालय में झालमूरी और रसगुल्ला खाकर इस जीत का उत्सव मनाया। मुख्यमंत्री गुप्ता के साथ उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी भी दिल्ली सचिवालय में मौजूद थे।

### हर राज्य भगवा रंग में रंग रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल चुनाव अभियान के दौरान झालमूरी को लोकप्रिय बनाया था। मुख्यमंत्री गुप्ता ने एक्स पर एक बधाई संदेश भी साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का हर राज्य भगवा रंग में रंग रहा है। असम में हैट्रिक जीत के साथ बंगाल में भी भाजपा सरकार बनी है। उन्होंने इस शानदार जीत पर हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे झालमूरी और रसगुल्ला के साथ जीत का जश्न मना रही हैं। इससे पहले, मुख्यमंत्री गुप्ता ने बंगाल में भाजपा के स्टार प्रचारकों के साथ मिलकर मतदाताओं को लुभाया था। उन्होंने 294 सीटों के लिए हुए दो चरणों के चुनाव में उत्साहपूर्वक प्रचार किया।

### बंगाल में मुख्यमंत्री का चुनाव प्रचार

मुख्यमंत्री गुप्ता ने खड़गपुर और दुर्गापुर सहित कई क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार के आतंक आधारित शासन पर प्रकाश डाला। दुर्गापुर में उन्होंने एक चाय की दुकान पर जाकर महिला मालिक से बातचीत की। कोलकाता में उनके सड़क शो के दौरान कथित तौर पर स्ट्रीट लाइट बंद करने वाले टीएमसी कार्यकताओं पर भी उन्होंने निशाना साधा। यह घटना उनके कार्यक्रम को बाधित करने के प्रयास में हुई थी।

### बदलाव की उम्मीद और महिलाओं की सुरक्षा

अपने एक चुनावी भाषण में उन्होंने कहा था कि बंगाल का हर निवासी बदलाव के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि लोगों ने 15 साल की डर और धमकी वाली राजनीति को सहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार लोग बंगाल में कमल के निशान वाली सरकार लाने को तैयार हैं। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल कई वर्षों से कठिन स्थिति में है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा पर चिंता जताई और डर के माहौल का आरोप लगाया।

# मतगणना के बीच सीएम ममता बोलीं: मनमानी कर रहा चुनाव आयोग

**डटे रहें टीएमसी कार्यकर्ता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतगणना के शुरूआती रुझानों में भाजपा से काफी अंतर से पिछड़ी तृणमूल कांग्रेस अपनी जीत के प्रति आश्वस्त है। पार्टी अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ने ममता बनर्जी ने दावा किया है कि अंतिम नतीजों की घोषणा होने पर टीएमसी विजयी होगी। उन्होंने कार्यकताओं से हताश न होने की अपील की है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना के दौरान शुरूआती रुझानों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पिछड़ने और सत्ता से बेदखली के संकेतों के बीच पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने एक अहम बयान जारी किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर जारी वीडियो में उन्होंने पार्टी के चुनाव अभिकताओं (एजेंट्स) और उम्मीदवारों को किसी भी हालत में मतगणना स्थल न छोड़ने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, उन्होंने चुनाव आयोग की भूमिका और केंद्रीय बलों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कई आरोप लगाए हैं।



### रुझानों के बीच सीएम ममता बनर्जी का दावा

शुरूआती रुझानों के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी को मिल रही प्रचंड बहुमत और मतगणना के करीब छह घंटे बाद 190 से अधिक सीटों पर बढ़त को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में सीएम ममता बनर्जी ने कहा, ये अनुमानित स्थिति है।

### मतगणना रोकने और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप

ममता बनर्जी ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि राज्य में कई जगहों पर महज दो-तीन राउंड की गिनती के बाद बिना तार्किक औचित्य बताए मतगणना रोक दी गई है। चुनाव आयोग पूरी प्रक्रिया में मनमानी कर रहा है। उन्होंने एक बार फिर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उठाते हुए एक बार फिर दोहराया कि पहले से ही गड़बड़ी हो रही है ऐसे में चुनाव की पारदर्शिता पर संदेह है।

### केंद्रीय बलों की भूमिका पर सवाल

मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे केंद्रीय बलों पर भी कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तृणमूल कार्यकताओं कार्यकताओं पर अत्याचार हो रहा है। ममता बनर्जी के मुताबिक केंद्रीय बलों के जोर पर भय दिखाया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं पर ज्यादती और अत्याचार के अलावा कार्यालयों में तोड़फोड़ भी की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के दफ्तरों को निशाना बनाया जा रहा है। ममता के मुताबिक बंगाल पुलिस बल स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रहा है। राज्य की पुलिस दबाव में काम करने के लिए मजबूर है।

### अंतिम जीत तृणमूल कांग्रेस की ही होगी

उन्होंने नतीजों की आधिकारिक घोषणा तक तृणमूल कांग्रेस कार्यकताओं से मतदान केंद्रों पर डटे रहने की अपील की। सीएम ने कहा कि उन्होंने एक दिन पहले ही वे अंदेशा जता चुकी थीं कि शुरूआत के दो-तीन राउंड की गिनती में भाजपा को आगे और टीएमसी को पीछे दिखाया जाएगा। उन्होंने पार्टी नेताओं का हौसला बढ़ाते हुए स्पष्ट किया कि शुरूआती रुझानों से हताश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उनका मानना है कि अंतिम जीत तृणमूल कांग्रेस की ही होगी।

# प्रीपेड मीटर लगे तो 36,459 ने पहली बार चुकाए बिल 1.29 लाख बकायेदारों के कनेक्शन अभी कटे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लागू होने के बाद 36,459 बकायेदारों ने पहली बार बिजली बिल जमा किया। कनेक्शन कटने से वसूली बढ़ी है, जबकि 1.29 लाख उपभोक्ताओं के कनेक्शन अब भी कटे हैं। बिल जमा करने पर बिजली तुरंत बहाल हो रही है और व्यवस्था पारदर्शी बनी है।



मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के 19 जिलों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद पहली बार 36,459 बकायेदारों ने बकाया बिल की रकम को जमा किया। 13 मार्च से अब तक ऐसे 86,434 बकायेदारों के कनेक्शन काटे जा चुके। इसमें अब तक 49975 उपभोक्ताओं ने बकाया रकम को जमा नहीं किया, जिससे इनके कनेक्शन कटे पड़े हैं। यह जानकारी निगम की एमडी रिया केजरीवाल ने प्रेसवार्ता में दी। सोमवार को निगम मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए एमडी ने बताया कि 13 मार्च से अब तक कुल 14.21 लाख प्रीपेड मीटर धारक बकायेदारों की बिजली काटी गई। इन कुल 315 करोड़ रुपये की देनदारी थी।

कनेक्शन काटने के बाद 357 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। प्रीपेड मीटर की वजह से अब ऐसे बकायेदारों से 42 करोड़ रुपये वसूले जा चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 14.21 लाख में से 1.29 लाख बकायेदारों ने अब तक बिल जमा नहीं किया, जिससे उनके कनेक्शन कटे पड़े हैं। प्रेसवार्ता में निदेशक रजत जुनेजा, मुख्य अभियंता नीरज कुमार, अधीक्षण अभियंता हरीश चौधरी ने प्रीपेड मीटर की सुविधाओं के बारे में बताया।

### 95 फीसदी लोगों की कटी बिजली 30 मिनट में जुड़ी

एमडी ने बताया कि प्रीपेड मीटर से जिन बकायेदारों की बिजली कटी, उनके बिल जमा करने पर 10 से 30 मिनट के अंदर 95 फीसदी लोगों की जुड़ी है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की तरफ से उपभोक्ताओं में भ्रम फैलाया जा रहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर तेज चल रहा। जबकि ऐसा नहीं है, एक बार बकायेदार बैलेंस को निगेटिस से पॉजिटिव करके देखे फिर उसको सुविधा का एहसास होगा।

### समाधान के फर्जी संदेश पर होगी कार्रवाई

एमडी ने कहा कि 1912 पर दर्ज होने वाली शिकायतों का समाधान किए बिना ही बिजली महकमे के जिम्मेदार फर्जी तरीके से समस्या निस्तारण की जानकारी दे रहे हैं। ऐसे जिम्मेदार सुधर जाए, नहीं तो सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने सीयूजी मोबाइल नंबर पर कॉल रिसीव न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

## पीडीए के फार्मूले पर जाति जनगणना बनेगी चुनावी ढाल
# बसपा के बिखराव का फायदा उठाने की फिराक में सपा



**मेरठ।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मेरठ में सपा पीडीए फामूर्ला और जाति जनगणना को चुनावी रणनीति का हिस्सा बना रही है। बसपा के बिखराव का फायदा उठाने की भी तैयारी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा पीडीए के फामूर्ले पर जाति जनगणना को चुनावी ढाल बनाएगी। साथ ही सपा यूपी में बसपा के बिखराव का भी फायदा उठाने की फिराक में है। सपाई दावा कर रहे हैं कि इस बार परिणाम पिछली विधानसभा चुनाव की तुलना में कहीं अधिक बेहतर होंगे। पिछली बार सपा ने रालोद गठबंधन के साथ मिलकर सात में से चार सीटें जीती थीं। मेरठ की सियासत पश्चिमी यूपी के मिजाज को तय करती रही है। 2022 के विधानसभा चुनावों में सपा ने यहां भाजपा को न सिर्फ तगड़ी चुनौती दी थी, बल्कि आगे भी रही। हालांकि तब सपा के पास रालोद का साथ था।

अब जब रालोद भाजपा के साथ है तो सपा के लिए चुनौती दोगुनी हो गई है,लेकिन इन सबके बीच यूपी में बसपा के बिखराव का सपा फायदा उठाने की मशक्कत कर रही है। अगर ऐसा हुआ तो सपा के सियासी कद और ताकत दोनों में इजाफा हो जाएगा। हालांकि इस बार सपा में सबसे बड़ी चुनौती टिकट के लिए आपसी खींचतान की भी रहेगी।

सरधना से अतुल प्रधान, शहर सीट से रफीक अंसारी, किठौर से शाहिद मंजूर मौजूदा विधायक हैं और इनका टिकट भी लगभग पक्का है। लेकिन हस्तिनापुर से पूर्व विधायक योगेश वर्मा, पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि और प्रशांत गौतम के अलावा अब महापौर का चुनाव लड़ चुकीं दीपू मनोठिया टिकट की दावेदार हैं। वहीं, मेरठ दक्षिण और सिवालखास से टिकट के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है। सिवालखास में अपने दम पर जाट और किसान वोटों को सहेजने की चुनौती है।

### साइकिल की रफ्तार और जाति की राजनीति

समाजवादी पार्टी इस बार सिर्फ हवा बनाने के मूड में नहीं है बल्कि वह जमीन पर जातिवार आंकड़े लेकर उतर रही है। मेरठ की गलियों से सपा का यह दांव भाजपा के हिंदुत्व कार्ड के सामने एक बड़ी लकीर खींचने की कोशिश है। यदि पिछड़ों और दलितों का समर्थन वोट में तब्दील होता है तो 2027 की राह सपा के लिए आसान हो सकती है।

### सेंट्रल मार्केट का मुद्दा भुनाने की कोशिश

सपा इस बार सेंट्रल मार्केट के मुद्दे को भी विधानसभा चुनाव में भुनाने की कोशिश करेगी। यही वजह है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव विधानसभा में इस मुद्दे को उठा चुके हैं। कई बार सोशल मीडिया पर पोस्ट लिख चुके हैं। सपा विधायक अतुल प्रधान अक्सर सेंट्रल मार्केट में व्यापारियों के बीच खड़े मिलते हैं।

# ममता और स्टालिन... दोनों के लिए केजरीवाल ने किया प्रचार, दोनों ही जगह चली गई सत्ता

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी और तमिलनाडु में डीएमके के लिए जमकर चुनाव प्रचार किया था, लेकिन दोनों राज्यों के रुझानों में ये दल करारी हार की तरफ बढ़ रहे हैं. तमिलनाडु में डीएमके तीसरे नंबर पर है, जबकि बंगाल में भाजपा बहुमत की ओर है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजों ने न केवल क्षेत्रीय दलों को चौंकाया है, बल्कि विपक्षी एकता के बड़े चेहरों की चुनावी साख पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं. इन चुनावों में सबसे ज्यादा चर्चा आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की हो रही है। केजरीवाल ने ममता बनर्जी और एम.के. स्टालिन के पक्ष में पूरी ताकत झोंक दी थी, लेकिन रुझान, जो अब नतीजों में तब्दील हो रहे हैं वो बताते हैं कि जनता ने उनके प्रचार को पूरी तरह नकार दिया है.



20 अप्रैल 2026 को चेन्नई के पुलियानथोपे में केजरीवाल ने स्टालिन को अपना 'भाई' बताते हुए उनके लिए रोड शो किया था. उन्होंने भाजपा को 'विभाजनकारी' बताते हुए दावा किया था कि तमिलनाडु के लोग भाजपा से नफरत करते हैं. लेकिन आज के रुझान एक अलग ही कहानी कह रहे हैं. स्टालिन की डीएमके तीसरे नंबर पर पिछड़ गई है, जबकि अभिनेता विजय की नई पार्टी ळश्ड ने बड़ा उलटफेर कर दिया है. केजरीवाल का वह भावुक अपील वाला कार्ड तमिलनाडु में नाकाम साबित हुआ.

26-27 अप्रैल को बंगाल के रण में उतरे केजरीवाल ने ममता बनर्जी के लिए जमकर प्रचार किया. बल्लीगंज की रैली में उन्होंने सेना की तैनाती पर सवाल उठया था. उन्होंने कोलकाता और हावड़ा में रैलियां कीं, ममता बनर्जी के लिए वोट मांगते हुए केंद्र सरकार की नीतियों को बंगाल संस्कृति पर हमला बताया।

# बंगाल फतह में राजस्थान का कनेक्शन: बूथ से लेकर पीएम की सभाओं तक

## जीत के आर्किटेक्ट बने राजस्थान के नेता

**जयपुर।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत में राजस्थान के नेताओं ने अहम भूमिका निभाई। भूपेंद्र यादव ने चुनावी रणनीति और बूथ मैनेजमेंट संभाला, जबकि अरुण चतुर्वेदी, सीपी जोशी और भजनलाल शर्मा सहित कई नेताओं ने सभाओं, प्रचार और संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभाईं।

पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत के पीछे राजस्थान के नेताओं की रणनीतिक भूमिका अब चर्चा का बड़ा विषय बन गई है। चुनावी माइक्रो मैनेजमेंट, बूथ स्तर की तैयारी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य राष्ट्रीय नेताओं की सभाओं की मॉनिटरिंग से लेकर विधानसभा स्तर तक संगठन को सक्रिय करने में राजस्थान भाजपा के कई दिग्गज नेताओं ने अहम जिम्मेदारी निभाई।

सबसे अहम भूमिका भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव की मानी जा रही है। बंगाल चुनाव में पूरी रणनीति के केंद्रीय स्तंभ रहे यादव ने उम्मीदवार चयन, बूथ मैनेजमेंट और संगठनात्मक समन्वय पर लगातार फोकस रखा। भाजपा ने करीब 40 हजार बूथों पर पन्ना प्रमुख मॉडल लागू किया, जिसका असर कई सीटों पर साफ तौर पर देखने को मिला। पार्टी के भीतर उन्हें इस जीत का प्रमुख आर्किटेक्ट माना जा रहा है।



### बूथ से विधानसभा तक मजबूत रणनीति

भाजपा ने बंगाल में सिर्फ बड़े नेताओं की रैलियों पर निर्भर रहने के बजाय विधानसभा स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति अपनाई। राजस्थान से जुड़े 16 नेताओं को अलग-अलग विधानसभाओं में प्रवासी बनाकर भेजा गया। इन नेताओं ने स्थानीय कार्यकताओं के साथ समन्वय, वोटर संपर्क, बूथ मैनेजमेंट और प्रचार अभियान की निगरानी की। इनमें राजेंद्र राठौड़, जितेंद्र गोठवाल, अतुल भंसाली, लादू लाल तेली, शंकर सिंह राजपुरोहित, डॉ. मनोज राजोरिया, अशोक सैनी, वासुदेव चावला, पवन दुग्गल, नीरज जैन, विष्णु चेतानी, कमलेश पुरोहित और देवकिशन मारू जैसे नेताओं को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई।

### मोदी की सभाओं की कमान अरुण चतुर्वेदी के पास

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभाओं और बड़े कार्यक्रमों के समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनकी टीम ने रैली प्रबंधन, कार्यकर्ता मोबिलाइजेशन और सभा स्थलों की व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संभाला। वहीं सांसद सीपी जोशी को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सभाओं का जिम्मा दिया गया। उन्होंने केंद्रीय नेताओं के कार्यक्रमों और संगठनात्मक समन्वय को सुव्यवस्थित रखा।

### उत्तर बंगाल में भजनलाल शर्मा की सक्रियता

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी बंगाल चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने उत्तर बंगाल, खासतौर पर सिलीगुड़ी क्षेत्र में रोड शो और जनसभाएं कर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में माहौल बनाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी को भी अहम जिम्मेदारी दी गई, जिन्होंने संगठनात्मक रणनीति और चुनाव प्रबंधन में सक्रिय योगदान दिया।

### माइक्रो मैनेजमेंट बना जीत का आधार

भाजपा की रणनीति सिर्फ बड़े प्रचार तक सीमित नहीं रही। पार्टी ने बूथ स्तर तक जाकर माइक्रो मैनेजमेंट किया। पन्ना प्रमुख मॉडल के जरिए हर वोटर तक पहुंचने की कोशिश की गई। संगठन की इसी रणनीति ने कई सीटों पर भाजपा को बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### त्रिदेव और पांच पांडव मॉडल

भाजपा प्रवक्ता नीरज जैन के मुताबिक, बंगाल की जनता परिवर्तन चाहती थी और उसने नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताया। उन्होंने बताया कि पार्टी ने पिछले चार साल से बूथ स्तर पर काम किया। हर बूथ पर त्रिदेव और ह्यपांच पांडव जैसे मॉडल लागू किए गए।

# जालौन में भीषण सड़क हादसा, आठ की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**जालौन।** यूपी के जालौन जिले में भीषण सड़क हादसा है। दुर्घटना में आठ लोगों की जान चली गई जबकि दो गंभीर रूप से घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कानपुर रेफर किए गए शिवानंद ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। जालौन जनपद के कालपी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में मृतकों की संख्या आठ हो गई है।, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायलों का इलाज जारी है। उरई से गंभीर हालत में कानपुर रेफर किए गए शिवानंद ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



हादसा जोल्हुपुर मोड़ के पास हुआ, जहां अयोध्या से उरई लौट रही एक कार चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर आगे चल रहे वाहन से जा भिड़ी। इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं स्थानीय लोगों में भी शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, ललितपुर जनपद के महरौनी निवासी शशिकांत तिवारी अपने परिजनों के साथ अयोध्या दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद सभी लोग कार से वापस लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब 6 बजे जैसे ही उनकी कार कालपी क्षेत्र के जोल्हुपुर मोड़ के पास पहुंची, चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सामने चल रहे वाहन से टकरा गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ घायल करीब एक घंटे तक कार के केबिन में फंसे रहे, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया। हादसे के बाद मची चीख-पुकार कार में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें शशिकांत तिवारी, कृष्णकांत, दीपक तिवारी, हरिमोहन तिवारी, भूषण तिवारी, अंशुल तिवारी, स्वामी प्रसाद तिवारी, मनोज और देशराज शामिल बताए जा रहे हैं।

### 10 मिनट तक मेडिकल कॉलेज के बाहर तड़पते रहे मरीज

घायलों को लेकर एम्बुलेंस मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के बाहर पहुंची, लेकिन मरीज को उतारने के लिए वहां पर कोई भी वार्ड बॉय नहीं नहीं था। हालत यह रही कि मरीज 10 मिनट तक एंबुलेंस में ही तड़पते रहे इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह मरीजों को बाहर निकाला और इमरजेंसी के अंदर पहुंचा जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

05 May -26 page 3 04-05-2026 10:51 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम · ट्वीट का करंट

**Sunil Kumar Sharma**
9h ·

दिल्ली स्थित 5, अशोका रोड़ पर उत्तर प्रदेश सरकार में मा० कैबिनेट मंत्री श्री Dara Singh Chauhan जी की सुपुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर नवदंपति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

कार्यक्रम में मा० उप-मुख्मंत्री श्री Keshav Prasad Maurya जी, श्री Brajesh Pathak जी, मा० केंद्रीय मंत्री श्री S.P.Singh Baghel जी से आत्मीय भेंट हुई!

# पश्चिम बंगाल में भाजपा का कमल खिलने पर भाजपा के नेताओं ने दिखाया उत्साह और जताया आभार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अप्रत्याशित जीत हासिल की है। यहां उसने तृणमूल कांग्रेस के गढ़ को ध्वस्त किया है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने पूर्ण बहूमत की सरकार बनायी है।4 मई को यहां विधानसभा चुनाव का नतीजा आ गया। नतीजे भाजपा के पक्ष में रहे हैं और भाजपाईयों में पश्चिम बंगाल की जीत का उत्साह दिखाई दिया है। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में इस जीत पर भाजपाईयों ने हर्ष जताया और कहा कि उम्मीदों की एक नयी सुबह हुई है। भाजपा नेताओं ने इस जीत को जनता की जीत बताया और कहा कि जनादेश का स्वागत है। जनता ने यहां विकास और बदलाव के नाम पर वोट दिया है। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह जीत भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। पश्चिम बंगाल की जनता ने भाजपा में विश्वास जताया है। सभी नेताओं ने आपस में एक दूसरे को जीत की बधाई शुभकामनायें दीं। भाजपा महानगर कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ता अपने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में ढ़ोल की थाप पर जमकर नाचे। सभी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की एतिहासिक जीत पर बधाई और शुभकामनायें दीं।

## पश्चिम बंगाल में जनादेश का किया स्वागत और कहा विकास करेगी भाजपा सरकार

### भाजपा ही है सुशासन की गारंटी, जनता को बधाई: आशु वर्मा



**करंट क्राइम।** पूर्व महापौर भाजपा आशु वर्मा ने कहा कि भाजपा ही सुशासन की गारंटी है। जनता ने एक बार फिर इस पर मुहर लगाई है। विकास और पारदर्शिता भाजपा की पहचान है। उन्होंने कहा कि यह जीत जनविश्वास का प्रतीक है। सभी को बधाई दी।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को मिली ताकत: राम नरेश रावत



**करंट क्राइम।** पूर्व विधायक राम नरेश रावत ने कहा कि यह जीत एकता और विकास की सोच को मजबूत करती है। भाजपा ने पूरे देश को जोड़ने का काम किया है। जनता ने इस सोच को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम ऐतिहासिक है। सभी को बधाई दी।

### भाजपा की नीतियों को मिला समर्थन: सरदार एसपी सिंह



**करंट क्राइम।** पूर्व सदस्य उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग सरदार एसपी सिंह ने कहा कि हर वर्ग ने भाजपा पर भरोसा जताया है। पार्टी ने सबका साथ, सबका विकास की नीति अपनाई है। जनता ने इसे स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत महत्वपूर्ण है। सभी को बधाई दी।

### जनता ने भाजपा की नीतियों और सुशासन पर भरोसा जताया: लेखराज माहौर



**करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनने पर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर लेखराज माहौर, एडवोकेट एवं पूर्व महानगर महामंत्री, भाजपा ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह विजय देश की जनता के विश्वास, समर्पण और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की जीत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की जनता ने भाजपा की नीतियों और सुशासन पर भरोसा जताया है, जो यह दशार्ता है कि देश के हर कोने में विकास और राष्ट्रहित की राजनीति को स्वीकार किया जा रहा है। लेखराज माहौर ने आगे कहा कि यह जीत केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प की विजय है। उन्होंने सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है।

### जनता का भरोसा ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत: सरदार सिंह भाटी



पूर्व निगम पार्षद सरदार सिंह भाटी ने कहा कि जनता का भरोसा भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा ने हमेशा जनहित में काम किया है। जनता ने इसी आधार पर समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक है। कार्यकताओं को बधाई दी।

### युवाओं ने भाजपा के पक्ष में बनाया माहौल, नई राजनीति की शुरूआत: डीडी यादव



**करंट क्राइम।** पूर्व जिला अध्यक्ष भाजयुमो गाजियाबाद डीडी यादव ने कहा कि युवाओं ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई है। भाजपा की नीतियों ने युवाओं को आकर्षित किया है। रोजगार और अवसरों के कारण समर्थन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह नई राजनीति की शुरूआत है।

### विकास की राजनीति को जनता का समर्थन: सुरेश कुमार कश्यप

पूर्व एमएलसी भाजपा सुरेश कुमार कश्यप ने कहा कि यह जीत विकास की राजनीति की जीत है। भाजपा ने पारदर्शी शासन दिया है। जनता ने इस पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम ऐतिहासिक है। सभी को बधाई दी।

### जनविश्वास का प्रमाण है भाजपा की जीत: वेद प्रकाश गर्ग



पूर्व महानगर उपाध्यक्ष भाजपा वेद प्रकाश गर्ग ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास का प्रमाण है। भाजपा ने हर वर्ग के लिए काम किया है। जनता ने इसे स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रेरणादायक है।

### संघर्ष, रणनीति और संगठन की ऐतिहासिक विजय : अनिल अग्रवाल सवारिया



**करंट क्राइम।** भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सवारिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल की यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, रणनीतिक कुशलता और मजबूत संगठन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के विकास आधारित नेतृत्व, अमित शाह की सटीक चुनावी रणनीति और सुनील बिशनोई के संगठन निर्माण ने इस विजय की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि देवतुल्य कार्यकताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी डटकर काम किया और ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ जनआक्रोश को जनमत में बदल दिया।

### बूथ स्तर की मेहनत और नेतृत्व का मिला परिणाम: अतुल जैन



**करंट क्राइम।** भाजपा नेता अतुल जैन ने कहा कि बंगाल की जीत इस बात का प्रमाण है कि जब मजबूत नेतृत्व और समर्पित संगठन साथ हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और अमित शाह के चुनावी प्रबंधन ने कार्यकताओं में जो ऊर्जा भरी, उसी को सुनील बंसल ने संगठन के माध्यम से बूथ स्तर तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने हर चुनौती को स्वीकार करते हुए ममता बनर्जी की नीतियों के खिलाफ जनता को जागरूक किया और परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया।

### विचारधारा, कार्यकर्ता और जनता का विश्वास : बालकिशन गुप्ता



**करंट क्राइम।** भाजपा नेता बालकिशन गुप्ता ने कहा कि यह जीत भाजपा की विचारधारा, कार्यकताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का संगम है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश में जो विकास और पारदर्शिता आई है, उसी पर जनता ने बंगाल में भी भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि अमित शाह की रणनीति और सुनील बंसल की संगठन क्षमता ने हर कार्यकर्ता को मजबूती दी, जिससे ममता बनर्जी की राजनीति को जनता ने पूरी तरह नकार दिया।

### देवतुल्य कार्यकताओं की तपस्या का फल : नितिन मावी



**करंट क्राइम।** भाजपा नेता नितिन मावी ने कहा कि बंगाल की यह जीत भाजपा के देवतुल्य कार्यकताओं की तपस्या का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष करते हुए पार्टी का झंडा ऊंचा रखा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने दिशा दी, जबकि सुनील बंसल ने संगठन को धार दी। उन्होंने कहा कि जनता ने ममता बनर्जी की सरकार से त्रस्त होकर परिवर्तन का समर्थन किया और भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश दिया।

### भाजपा की नीतियों पर जनता ने लगाई मुहर, देश में मजबूत हुआ विश्वास: अजय गुप्ता



**करंट क्राइम** ।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल भाजपा अजय गुप्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत देश की जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि व्यापार, उद्योग और आमजन के हित में किए गए कार्यों को जनता ने स्वीकार किया है। यह परिणाम बताता है कि देश अब स्थिर और निर्णायक नेतृत्व चाहता है। भाजपा ने हर वर्ग के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कार्यकताओं को इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी।

### कार्यकताओं के समर्पण से मिली ऐतिहासिक सफलता: गोपाल अग्रवाल



**करंट क्राइम।** महानगर महामंत्री भाजपा गोपाल अग्रवाल ने कहा कि यह जीत कार्यकताओं के समर्पण का परिणाम है। भाजपा का संगठन हर स्तर पर मजबूत हुआ है। जनता ने विकास के एजेंडे को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत आने वाले समय के लिए प्रेरणा है। सभी कार्यकताओं को बधाई दी।

### जनता ने विकास के एजेंडे को दिया समर्थन: विभु बंसल



**करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद पिलखुआ के अध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि जनता ने विकास के एजेंडे को समर्थन दिया है। भाजपा ने हर क्षेत्र में विकास किया है। जनता ने इसी आधार पर मतदान किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत जनविश्वास का प्रतीक है। सभी को बधाई दी।

### अनुभव और नेतृत्व की जीत, भाजपा का बढ़ा प्रभाव: जगदीश साधना



वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने कहा कि यह जीत अनुभव और मजबूत नेतृत्व की जीत है। भाजपा ने हर क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाया है। जनता ने पार्टी की नीतियों पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक परिणाम है। सभी को बधाई दी।

### व्यापारी वर्ग का भरोसा भाजपा के साथ, विकास को मिली गति: अनुज मित्तल



गाजियाबाद। महानगर संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा अनुज मित्तल ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत से व्यापारी वर्ग का विश्वास और मजबूत हुआ है। भाजपा ने व्यापार और उद्योग को नई दिशा दी है। सरकार की नीतियों से बाजार में सकारात्मक माहौल बना है। उन्होंने कहा कि यह जीत आर्थिक मजबूती का संकेत है। सभी कार्यकताओं को बधाई दी।

### भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा: वीरेंद्र सारस्वत



**करंट क्राइम।** महानगर संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ वीरेंद्र सारस्वत ने कहा कि भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। जनता का विश्वास पार्टी पर मजबूत हुआ है। भाजपा ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक है। कार्यकताओं को बधाई दी।

### विकास और राष्ट्रवाद की जीत, विपक्ष हुआ बेनकाब: अजय शर्मा



**करंट क्राइम।** पूर्व महानगर अध्यक्ष भाजपा अजय शर्मा ने कहा कि यह जीत विकास और राष्ट्रवाद की सोच की जीत है। जनता ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को नकार दिया है। भाजपा का संगठन और नेतृत्व दोनों मजबूत होकर उभरे हैं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम आने वाले चुनावों की दिशा भी तय करेगा। सभी कार्यकताओं को उन्होंने बधाई दी।

### महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की नीतियों को मिला समर्थन: ममता त्यागी



**करंट क्राइम।** जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा ममता त्यागी ने कहा कि यह जीत महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की नीतियों पर जनता की मुहर है। भाजपा ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। जनता ने भरोसा जताकर इसे और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत समाज के हर वर्ग की जीत है। उन्होंने सभी को बधाई दी।

### नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा देश: प्रवीण चौधरी



**करंट क्राइम।** भाजपा पार्षद एवं डिप्टी मेयर गाजियाबाद प्रवीण चौधरी ने कहा कि यह जीत देश को नई दिशा देगी। जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है। विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम सकारात्मक बदलाव का संकेत है। कार्यकताओं को बधाई दी।

### कार्यकताओं की मेहनत रंग लाई: राजू पंचाल



**करंट क्राइम।** क्षेत्रीय संयोजक भाजपा राजू पंचाल ने कहा कि यह जीत कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। भाजपा का हर कार्यकर्ता समर्पित है। जनता ने इस मेहनत को सराहा है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रेरणादायक है। सभी को बधाई दी।

### संगठन की मजबूती से मिली बड़ी जीत: सतपाल प्रधान



**करंट क्राइम।** पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सतपाल प्रधान ने कहा कि यह जीत संगठन की मजबूती का परिणाम है। भाजपा ने जमीनी स्तर पर काम किया है। जनता ने इसे स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत भविष्य के लिए संकेत है। सभी को बधाई दी।

### ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान समर्थन, भाजपा का बढ़ा विस्तार: अतुल त्यागी



**करंट क्राइम।** अध्यक्ष भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ एवं अध्यक्ष गोविंदपुरम फ्हअ अतुल त्यागी ने कहा कि भाजपा को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में समान समर्थन मिला है। यह पार्टी के बढ़ते विस्तार को दशार्ता है। जनता ने विकास के एजेंडे को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत संतुलित विकास का प्रतीक है। सभी को बधाई दी।

### राष्ट्रवाद और विकास की नीति पर जनता ने जताया भरोसा: आयुष त्यागी



**करंट क्राइम।** जिला अध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी गाजियाबाद आयुष त्यागी ने कहा कि जनता ने राष्ट्रवाद और विकास की नीति को समर्थन दिया है। भाजपा ने देशहित को सर्वोपरि रखा है। यही कारण है कि जनता ने विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक है। सभी को बधाई दी।

### कार्यकताओं के समर्पण से मिली सफलता, संगठन हुआ मजबूत: गौरव सोलंकी



**करंट क्राइम।** पार्षद एवं कार्यकारिणी सदस्य भाजपा गौरव सोलंकी ने कहा कि यह जीत कार्यकताओं के समर्पण का परिणाम है। संगठन की मजबूती साफ दिखाई दे रही है। जनता ने भाजपा की नीतियों को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रेरणादायक है। सभी को बधाई दी।

### जनता के विश्वास ने दिलाई जीत, भाजपा का बढ़ा जनाधार: कृष्ण पाल पांचाल



**करंट क्राइम।** भाजपा कार्यकर्ता कृष्ण पाल पांचाल ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास का परिणाम है। भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। पार्टी ने हर वर्ग के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम महत्वपूर्ण है।

### युवा शक्ति ने रचा इतिहास, भाजपा को मिला भरपूर समर्थन: महेंद्र यादव



**करंट क्राइम।** क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा महेंद्र यादव ने कहा कि युवा शक्ति ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई है। भाजपा की नीतियों ने युवाओं को जोड़ा है। देश के भविष्य के लिए यह सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक है।

### किसानों का भरोसा भाजपा पर कायम, विकास की राह मजबूत: मनजीत सिंह



**करंट क्राइम।** पूर्व महानगर अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा मनजीत सिंह ने कहा कि किसानों का भरोसा भाजपा पर लगातार मजबूत हुआ है। सरकार की योजनाओं से किसानों को लाभ मिला है। जनता ने इसी आधार पर समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत महत्वपूर्ण है। सभी को बधाई दी।

### संगठन की मजबूती और नेतृत्व का असर, भाजपा को बड़ी जीत: मानसिंह गोस्वामी



**करंट क्राइम।** क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि यह जीत संगठन और नेतृत्व की मजबूती का परिणाम है। भाजपा का प्रभाव हर क्षेत्र में बढ़ा है। जनता ने विकास की राजनीति को चुना है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत है।

### हर वर्ग का मिला समर्थन, भाजपा का बढ़ा प्रभाव: बॉबी त्यागी



**करंट क्राइम।** महानगर उपाध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद बॉबी त्यागी ने कहा कि भाजपा को हर वर्ग का समर्थन मिला है। जनता ने पार्टी की नीतियों पर भरोसा जताया है। यह जीत सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा का बढ़ता प्रभाव, जीत का बड़ा कारण: राजीव त्यागी



**करंट क्राइम।** ब्लॉक प्रमुख भाजपा मुरादनगर राजीव त्यागी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिला है। जनता ने इसी आधार पर समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक है।

### लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है यह जीत: एडवोकेट मनोज भाटी



**करंट क्राइम।** कार्यकारिणी सदस्य भाजपा एडवोकेट मनोज भाटी ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। जनता ने सही दिशा में मतदान किया है। भाजपा ने पारदर्शी शासन दिया है। उन्होंने कहा ३्३ यह परिणाम प्रेरणादायक है। सभी को बधाई दी।

### संगठन की ताकत से मिली जीत, भाजपा का बढ़ा जनाधार: संदीप त्यागी



**करंट क्राइम।** मुरादनगर शहर मंडल प्रभारी भाजपा संदीप त्यागी ने कहा कि यह जीत संगठन की ताकत का परिणाम है। भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। जनता ने विकास की राजनीति को चुना है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम ऐतिहासिक है। सभी को बधाई दी।

### नेतृत्व और नीतियों पर जनता की मुहर, भाजपा को मिली सफलता: ओमदत्त कौशिक



**करंट क्राइम।** पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा ओमदत्त कौशिक ने कहा कि यह जीत नेतृत्व और नीतियों पर जनता की मुहर है। भाजपा ने हर क्षेत्र में विकास किया है। जनता ने इसी आधार पर समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक है। सभी को बधाई दी।

### देशहित की नीतियों को मिला समर्थन, भाजपा की बढ़ी ताकत: निर्दोष त्यागी



**करंट क्राइम।** भाजपा नेता निर्दोष त्यागी ने कहा कि यह जीत देशहित की नीतियों की जीत है। भाजपा ने राष्ट्र को प्राथमिकता दी है। जनता ने इसी सोच को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम महत्वपूर्ण है। सभी को बधाई दी।

### व्यवसायिक वर्ग में बढ़ा भरोसा, भाजपा की नीतियों को मिला समर्थन: मोहित अरोड़ा



**करंट क्राइम।** महानगर संयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा मोहित अरोड़ा ने कहा कि व्यवसायिक वर्ग का भरोसा भाजपा पर मजबूत हुआ है। सरकार की नीतियों से व्यापार को लाभ मिला है। जनता ने इसी आधार पर समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत महत्वपूर्ण है। सभी को बधाई दी।

### कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम, भाजपा को मिली बड़ी जीत: पिंटू तोमर



**करंट क्राइम।** कार्यकारिणी सदस्य महानगर भाजपा गाजियाबाद पिंटू तोमर ने कहा कि यह जीत कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। संगठन की मजबूती साफ दिखाई देती है। जनता ने भाजपा की नीतियों को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रेरणादायक है।

### विकास की निरंतरता का प्रतीक है यह जीत: सचिन डागर



**करंट क्राइम।** निगम पार्षद भाजपा सचिन डागर ने कहा कि यह जीत विकास की निरंतरता का प्रतीक है। भाजपा ने लगातार काम किया है। जनता ने इस पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम सकारात्मक है।

### महिला शक्ति और संगठन की निर्णायक भूमिका : रनिता सिंह, महानगर उपाध्यक्ष



**करंट क्राइम।** रनिता सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की यह जीत भाजपा के मजबूत नेतृत्व, संगठन की रणनीति और महिला शक्ति के समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को जो सम्मान और सुरक्षा का भरोसा मिला, उसी का असर बंगाल में भी दिखा।

05 May -26 page 4 04-05-2026 10:58 PM Page 1



## संपादकीय

# जीएसटी दरों का अंतर

इस परेशानी का मूल कारण कच्चे माल एवं सेवाओं तथा तैयार माल की कर दरों के बीच का भारी अंतर है। यानी कई तरह के कच्चे माल को जीएसटी की अठारह फीसद की श्रेणी में रखा गया है, जबकि उससे तैयार माल पर पांच फीसद कर निर्धारित है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे बहुस्तरीय वैश्विक संकट के बीच देश के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में खासी बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए निश्चित रूप से संबल प्रदान करेगी। इससे सरकारी कोष को मजबूती मिलेगी और विकास से जुड़ी नीतियों के निर्माण में भी आसानी होगी। जब सरकार के पास पर्याप्त पूंजी का प्रावधान होता है, तो नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं के सृजन या विस्तार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में आर्थिक बाधाएं खत्म हो जाती हैं। जीएसटी संग्रह में 8.7 फीसद की वृद्धि दर्शाती है कि उपभोक्ता बाजार में उत्साह बना हुआ है और लोग सामान एवं सेवाओं पर खर्च कर रहे हैं। सरकार के स्तर पर इस बढ़ोतरी को पिछले वर्ष लागू किए गए जीएसटी सुधारों से जोड़कर देखा जा रहा है। मगर इसका एक पहलू यह भी है कि इन सुधारों से व्यापारी वर्ग से लेकर आम आदमी को एक तरफ राहत जरूर मिली है, लेकिन दूसरी तरफ उनकी मुश्किलें बढ़ी हैं। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते अप्रैल में देश का जीएसटी संग्रह बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले जीएसटी का सर्वकालिक उच्च संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। इस बार घरेलू लेन-देन से सकल राजस्व 4.3 फीसद बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 फीसद की वृद्धि के साथ 57,580 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे स्पष्ट है कि आयात से जुड़ी गतिविधियों में इजाफा हुआ है, जो वैश्विक अस्थिरता के बीच राजस्व प्राप्त करने के स्तर पर तो उत्साहजनक हो सकता है, लेकिन आत्मनिर्भरता के मोर्चे पर यह देश के कमजोर पक्ष को दर्शाता है। इसके साथ ही घरेलू लेन-देन और आयात आधारित राजस्व के बीच बढ़ा अंतर नीतिगत पुनर्मूल्यांकन की जरूरत की ओर इशारा करता है। ऐसे में जरूरी है कि ह्यमेक इन इंडिया अभियान को वैश्विक आपूर्ति शृंखला में बदलावों के अनुरूप मजबूत करने के व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएं। घरेलू लेन-देन के मोर्चे पर राजस्व संग्रह की बात की जाए, तो सितंबर 2025 से लागू हुए जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें कम की गई थीं और चार श्रेणियों को मिलाकर पांच एवं अठारह फीसद की दो श्रेणियां रखी गई थीं। सरकार का दावा है कि इन सुधारों का मकसद वस्तुओं की कीमतों में कमी लाना, खपत बढ़ाना और बाजार में मांग को विस्तार देना है। मगर सरकार के इस कदम से वस्तुओं की कीमतें कम होती नजर नहीं आ रही हैं और छोटे कारोबारी भी इसे राहत कम और परेशानी ज्यादा मान रहे हैं। इस परेशानी का मूल कारण कच्चे माल एवं सेवाओं तथा तैयार माल की कर दरों के बीच का भारी अंतर है।

# हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 356 अंक चढ़ा, निफ्टी 24100 के पार



**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान तनाव में कमी के संकेतों के बीच वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए। चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के स्थानीय विधानसभा चुनाव परिणामों के शुरूआती रुझानों ने भी बाजार को समर्थन दिया। हालांकि चुनाव परिणामों की अस्थिरता के बीच आईटी और बैंक शेयरों में गिरावट के चलते घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क निफ्टी50 और सेंसेक्स अपने दिन के उच्चतम स्तर से नीचे बंद हुए। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 355.90 अंक या 0.46% चढ़कर 77,269.40 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 121.75 अंक या 0.51% चढ़कर 24,119.30 अंक पर बंद हुआ। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे गिरकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.08 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान दिखा तेज उछाल दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 900 से अधिक अंकों की उछाल आई और यह 77,257.27 पर खुलकर 77,910.75 का इंट्रा-डे हाई छुआ। वहीं निफ्टी 50 में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई और यह 24,063.55 पर खुलकर 24,290.20 का उच्चतम स्तर छुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेक्टरवार देखें तो, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी मेटल ने बेंचमार्क इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया और इनमें क्रमशः 2.41 प्रतिशत और 1.09 प्रतिशत की तेजी आई। वहीं, निफ्टी आईटी और निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी प्राइवेट बैंक का प्रदर्शन बेंचमार्क इंडेक्स से कमजोर रहा।

# शीर्ष 10 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.20 लाख करोड़ का इजाफा, रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे आगे



**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते देश की शीर्ष-10 सबसे कीमती कंपनियों में से चार कंपनियों का कुल बाजार मूल्य 2.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें सबसे ज्यादा फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। यह सप्ताह छुट्टियों की वजह से छोटा था। पिछले हफ्ते बीएसई का सेंसेक्स 249.29 अंक यानी 0.32 फीसदी बढ़कर ऊपर गया।

रिलायंस ब्रोकिंग के अनुसंधान प्रमुख अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार में हल्की बढ़त रही। लेकिन माहौल उतार-चढ़ाव वाला और सीमित दायरे में रहा, क्योंकि वैश्विक और घरेलू संकेत एक जैसे नहीं थे। उन्होंने बताया कि हफ्ते की शुरूआत अच्छी रही। वैश्विक तनाव कम होने और चौथी तिमाही के नतीजों में सुधार से बाजार को शुरूआत में सहारा मिला। लेकिन बाद में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने, एशियाई बाजारों से कमजोर संकेत मिलने और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली की वजह से बाजार की बढ़त सीमित हो गई।

इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टीसीएस और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त रही। वहीं, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी की बाजार कीमत में कुल 1.24 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई।

### इन कंपनियों को हुआ नुकसान

वहीं, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्य 45,364.62 करोड़ रुपये घटकर 9,04,980.78 करोड़ रुपये रह गया। एसबीआई का बाजार मूल्य 30,922.57 करोड़ रुपये घटकर 9,85,829.96 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्य 20,951.31 करोड़ रुपये घटकर 11,87,274.17 करोड़ रुपये रह गया और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्य 18,420.79 करोड़ रुपये घटकर 5,28,799.01 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का मूल्य 8,222.49 करोड़ रुपये घटकर 5,04,798.07 करोड़ रुपये रह गया। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार मूल्य 178.83 करोड़ रुपये घटकर 5,51,993.05 करोड़ रुपये रह गया।

# प. एशिया में तनाव के बावजूद भारत में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी जारी

## अप्रैल में 54.7 पर पहुंचा पीएमआई

**नई दिल्ली।** भारत में विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अप्रैल में 54.7 रहा, जो मार्च में 53.9 था। यह वृद्धि नए ऑर्डर (निर्यात सहित) और रोजगार के अवसर बढ़ने के कारण हुई। यह जानकारी एचएसबीसी फ्लैश इंडिया पीएमआई के आंकड़ों में सोमवार को दी गई।

अप्रैल के आंकड़े दिखाते हैं कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं और नए व्यवसायों में तेजी जारी है। वहीं, निर्यात एक सकारात्मक बिंदु बना हुआ है और वृद्धि दर पिछले सितंबर के बाद सबसे तेज रही है।

रिपोर्ट में कंपनियों ने संकेत दिया है कि पश्चिम एशिया में तनाव के कारण महंगाई के दबाव में वृद्धि हुई है। कच्चे माल की लागत और उत्पाद कीमतों दोनों में क्रमशः 44 महीनों और छह महीनों में सबसे तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री ने क्या कहा?



एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव अब और स्पष्ट होते जा रहे हैं, विशेष रूप से महंगाई के रूप में, जिससे उत्पादन लागत अगस्त 2022 के बाद से सबसे तेज गति से बढ़ी है और उत्पाद कीमतें छह महीनों में सबसे तेज दर से बढ़ी हैं।

### विनिर्माण पीएमआई क्या है?

मार्च में 53.9 से बढ़कर अप्रैल में 54.7 होने के बावजूद मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) ने लगभग चार वर्षों में समग्र परिचालन स्थितियों में दूसरी सबसे धीमी सुधार का संकेत दिया। पीएमआई नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ता आपूर्ति समय और खरीद स्टॉक के आधार पर समग्र परिस्थितियों को मापता है।

### संभावनाओं को लेकर आशावादी बने रहे भारतीय निमार्ता

सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने संकेत दिया कि विज्ञापन और मांग में स्थिरता ने बिक्री और उत्पादन को समर्थन दिया। लेकिन प्रतिस्पर्धी माहौल, पश्चिम एशिया में युद्ध और ग्राहकों द्वारा लंबित कोटेशन को मंजूरी देने में अनिच्छा के कारण विकास बाधित हुआ। भारतीय निमार्ता विकास की संभावनाओं को लेकर आशावादी बने रहे। सकारात्मक भावना का समग्र स्तर मार्च से थोड़ा कम हुआ। हालांकि, यह नवंबर 2024 के बाद से अपने दूसरे उच्चतम स्तर पर था।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पाइसजेट पर लगाया 50 हजार का जुमार्ना, रियल एस्टेट निवेश में 37% की वृद्धि

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को विमानन कंपनी स्पाइसजेट और उसके प्रमोटर अजय सिंह को बड़ा झटका देते हुए 144 करोड़ रुपये जमा करने के अपने पूर्व आदेश की समीक्षा याचिका खारिज कर दी। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कंपनी और सिंह पर 50,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा कि 50,000 रुपये की लागत के साथ याचिका खारिज की जाती है। इससे पहले 19 जनवरी को हाईकोर्ट ने स्पाइसजेट और अजय सिंह को 194 करोड़ रुपये की स्वीकृत देनदारी के खिलाफ 144 करोड़ रुपये अदालत की रजिस्ट्री में छह हफ्तों के भीतर जमा करने का निर्देश दिया था। बाद में 18 मार्च को



इस समयसीमा को चार हफ्तों के लिए बढ़ा दिया गया था। स्पाइसजेट और अजय सिंह ने इस आदेश पर पुनर्विचार की मांग करते हुए दलील दी थी कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण कंपनी वित्तीय संकट से गुजर रही है। कंपनी ने गुरुग्राम की एक व्यावसायिक संपत्ति को सुरक्षा के रूप में देने का प्रस्ताव भी रखा और यह भी कहा कि केंद्र सरकार से कुछ सहायता मिलने की संभावना है।

### 2026 की पहली तिमाही में रियल एस्टेट निवेश 37% बढ़कर 1.7 अरब डॉलर पहुंचा

भारतीय रियल एस्टेट मार्केट में निवेश में 2026 की पहली तिमाही में जोरदार वृद्धि देखने को मिली है और यह 2026 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 1.7 अरब डॉलर हो गया है। यह जानकारी सोमवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। जेएलएल की रिपोर्ट में कहा गया कि जनवरी से मार्च अवधि के दौरान बड़ी संपत्तियों के अधिग्रहण की तरफ एक संरचनात्मक बदलाव देखने को मिला है और इनकी वैल्यू 178 प्रतिशत बढ़कर 1.03 अरब डॉलर हो गई है। दूसरी तिमाही में यह रुझान और तेज हो गया है, जिसमें बड़ी संपत्तियों के सौदों का कुल मूल्य 1.48 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो स्थिर, आय-सृजन करने वाली संपत्तियों में निरंतर विश्वास का संकेत देता है।

जेएलएल इंडिया की वरिष्ठ प्रबंध निदेशक और पूंजी बाजार प्रमुख लता पिल्लई ने कहा कि यह स्थिर, आय-सृजन करने वाली संपत्तियों की ओर एक मूलभूत बदलाव को दर्शाता है, जबकि कार्यालय क्षेत्र का प्रभुत्व मजबूत परिचालन आधार को दर्शाता है। पिल्लई ने कहा कि सीमा पार के निवेशकों द्वारा सफलतापूर्वक सौदे पूरे किए जाने से सौदों की गति मजबूत बनी हुई है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंग्रेजी के सभी शब्दों में रएळ के सबसे ज्यादा अर्थ निकलते हैं।
- मेंढ़क आंख बंद करके ही कुछ निगल सकता है, बिना आँख बंद किये नहीं निगल सकता।
- इंसान का खून दिन भर में उसके शरीर का लगभग 1000 चक्कर लगाता है।
- काम करते समय खुद से बातचीत करने से ध्यान भटकना कम हो जाता है।
- जिस हाथ से आप लिखते हैं, उस हाथ के नाखून जल्दी बढ़ते हैं।
- भारत मुस्लिम देश न होते हुए भी यहाँ की मुस्लिम आवादी दुनिया में तीसरे स्थान पर आते हैं।
- दुनिया का सबसे पुराना चिंगम 9000 साल पहले बना था।
- जिराफ की जीभ 21 इंच लंबी होती है. जिससे वो अपना कान भी साफ कर सकता है।
- हमारी पृथ्वी के तीन चौथाई हिस्से में जल है, पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी में से 97 प्रतिशत पानी खारा हैऔर पीने लायक नहीं है।
- औसतम महिलाएं हर रोज 20,000 शब्द बोलती हैं, जो कि पुरुषों के औसत से 13000 शब्द ज्यादा है।

## राशिफल

**मेष:** शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष:** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कर्क:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। कारोबारी यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**सिंह:** मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**कन्या:** आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन:** क्रोध के अतिरेक से बचें। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव बढ़ेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आत्मसंयत रहें।

## चुटकुले

टीचर- राहुल बताओ...अकबर ने कब तक शासन किया था ?
राहुल- मैडम जी....पेज नंबर 14 से लेकर पेज नंबर 22 तक...

---

स्टेशन पर अनाउंसमेंट हो रही थी- 'भारी वर्षा की वजह से ट्रेन लेट चलेगी'.
टिल्लू- वर्षा इतनी भारी है,
तो वर्षा को ट्रेन से उतार क्यों नहीं देते?

---

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी
लड़का- पहचाना मुझे
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी
तू तो रोज मुर्गा ही बनता था
हो गयी न चौड़े में बेइज्जती।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 05 05 2026 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



विशाखा सिंह (अभिनेत्री)



रिया सोलंकी, संजू शर्मा, एस एन पाल, राजीव शर्मा (पत्रकार), राजीव पहिवाल

राजेश गुप्ता, रिंकू निम, राहुल कसाना, सतेन्द्र सिंह, सहजाद चौधरी, पेप्सी शर्मा

अंबरीश गौयल, आशीष त्यागी, ताहिर हुसेन, गुलशेहर सिंह चौहान, गुलशन राजपूत, तुषार

पवन कसाना, जगदीश सिंह भाटी, इकबाल शैफी, अशोक कुमार, अजय कुमार, विपिन भदोरिया, अजय कुमार चौधरी

विष्णु प्रभाकर, दिवाकर विक्रम सिंह, मसीउद्दीन मोहम्मद, राहुल शर्मा, शशांक शुक्ला, मोहम्मद मोहसिन, रोबिन

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com





# IPL 2026: POTM अवॉर्ड जीतने वाले होल्डर के लिए क्या बोले चेतेश्वर पुजारा

## रघुवंशी की तारीफ में भी पढ़े कसीदे



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने जेसन होल्डर (गुजरात टाइटंस) और अंगकृष रघुवंशी (कोलकाता नाइट राइडर्स) की जमकर तारीफ की।

आईपीएल के 19वें संस्करण का रोमांच प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। रविवार को खेले गए दो मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन से खूब वाहवाही लूटी। हैदराबाद में खेले गए मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया। वहीं, अहमदाबाद में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स पर चार विकेट से जीत दर्ज की।

**पुजारा ने की होल्डर की तारीफ**

गुजरात की जीत में जेसन होल्डर का अहम योगदान रहा। उन्होंने चार विकेट लेकर पंजाब के मजबूत बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया। होल्डर के प्रदर्शन को पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने सराहा। उन्होंने कहा कि होल्डर जैसे अनुभवी खिलाड़ी ने टीम का स्तर और बेहतर कर दिया है।

पुजारा ने बताया कि जेसन होल्डर ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि होल्डर ने जरूरी समय पर विकेट लिए, जिसमें श्रेयस अय्यर का अहम विकेट भी शामिल था। उन्होंने जियोस्टार पर कहा, 'जिस तरह से जेसन होल्डर ने इस टीम पर अपना असर डाला है, चाहे वह बल्ले से हो या गेंद से, वह बहुत शानदार रहा है। उन्होंने कई अहम विकेट लेने में योगदान दिया, जिसमें श्रेयस अय्यर का महत्वपूर्ण विकेट भी शामिल है।'

पुजारा ने आगे कहा कि होल्डर की खासियत यह है कि वह टीम में कई तरह की भूमिका निभा सकते हैं। उनकी मौजूदगी से टीम का संतुलन मजबूत हुआ है। उन्होंने बताया कि गुजरात टाइटंस को मध्यक्रम की बल्लेबाजी को लेकर थोड़ी चिंता थी, लेकिन होल्डर नंबर 5, 6 या 7 पर कहीं भी बल्लेबाजी कर सकते हैं, जिससे टीम को मजबूती मिलती है।

### रघुवंशी के प्रदर्शन को भी पुजारा ने सराहा

इस मैच से पहले केकेआर को युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने भी जीत दिलाई थी। उन्होंने 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 59 रन बनाए। रघुवंशी की तारीफ में पुजारा ने कहा कि उन्होंने अपनी उम्र से ज्यादा समझदारी दिखाते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर, यह एक बेहतरीन प्रदर्शन था। जहां दूसरे खिलाड़ियों ने भी योगदान दिया, वहीं लक्ष्य का पीछा करने में अंगकृष ने सबसे अहम भूमिका निभाई। 47 गेंदों पर उनके बनाए 59 रनों ने टीम को वह स्थिरता दी जिसकी उस समय सबसे ज्यादा जरूरत थी।' इस युवा खिलाड़ी के संयम और आत्मविश्वास की तारीफ करते हुए पुजारा ने कहा, 'उन्होंने जबरदस्त धैर्य और संयम दिखाया और एक 'एंकर' की भूमिका को पूरी तरह से निभाया। इस तरह के लगातार योगदान से लगता है कि केकेआर इस समय बहुत अच्छी लय में है।'

# फ्रेंच ओपन की पुरस्कार राशि पर बढ़ी तकरार

## शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों ने जताई नाराजगी



**पेरिस।** फ्रेंच ओपन को शुरू होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं रह गया है, लेकिन इससे पहले ही टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि को लेकर विवाद हो रहा है। कई दिग्गज खिलाड़ियों ने इस पर सवाल खड़े किए हैं।

नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, एरिना सबालेंका और कोको गॉफ सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि को लेकर अपनी गहरी निराशा व्यक्त की है। यह क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता इस महीने के आखिर में पेरिस में शुरू होगी। खिलाड़ियों का कहना है कि उनकी कुछ अन्य मांगें भी हैं जिन पर आयोजकों ने ध्यान नहीं दिया है। इनमें बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य और पेंशन शामिल हैं।

खिलाड़ियों की यह मांग तब आई जब फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि रोलां गैरां पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में लगभग 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है, जिससे कुल पुरस्कार राशि 61.7 मिलियन यूरो (72.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 मिलियन यूरो अधिक है। खिलाड़ियों ने सोमवार को जारी बयान में कहा, फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट के राजस्व में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 2024 में 15.5 प्रतिशत से घट गई है और 2026 में इसके 14.9 प्रतिशत रहने की संभावना है।

**24 मई से शुरू होगा फ्रेंच ओपन**

फ्रेंच ओपन 24 मई से शुरू होगा। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उपविजेता खिलाड़ियों को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वालों को सात लाख 50 हजार यूरो, जबकि पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 87000 यूरो मिलेंगे। पुरुष और महिला युगल विजेताओं को 600,000 यूरो और मिश्रित युगल चैंपियन को 122,000 यूरो मिलेंगे। खिलाड़ियों ने बयान में कहा, असली आंकड़े बिल्कुल अलग कहानी बयां करते हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों के अनुसार फ्रेंच ओपन ने 2025 में 395 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त किया, जो उससे पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक था। इसके बावजूद पुरस्कार राशि में केवल 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस तरह से खिलाड़ियों का राजस्व में हिस्सा घटकर 14.3 प्रतिशत रह गया है।

# दिल्ली के खिलाफ खेलेंगे महेंद्र सिंह धोनी

## गेंदबाजी सलाहकार एरिक साइमंस ने दिया बड़ा अपडेट



**नई दिल्ली।** चेन्नई का मंगलवार को दिल्ली से सामना होगा। इस मैच में महेंद्र सिंह धोनी की उपलब्धता को लेकर सस्पेंस बरकरार है। सीएसके के गेंदबाजी कोच एरिक साइमंस ने पूर्व कप्तान के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा अपडेट दिया है।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मंगलवार को खेले जाने वाले मैच में खेलना मुश्किल है। टीम के गेंदबाजी सलाहकार एरिक साइमंस ने बताया कि धोनी टीम के साथ दिल्ली के लिए रवाना नहीं हुए हैं।

**धोनी की हालत में सुधार**

मुकाबले से पहले एरिक साइमंस ने कहा, 'धोनी के बारे में कोई भी अपडेट देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। वह अभी हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन उनकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है।

जब वह पूरी तरह से ठीक हो जाएंगे, तब वह खेलने के लिए तैयार होंगे और उन्हें खुद पता है कि वह खेलने के लिए कब तैयार होंगे। वह टीम के साथ यात्रा पर नहीं गए हैं।'

### साइमंस ने की गायकवाड़ की तारीफ

गायकवाड़ को 'बल्लेबाजी की इस अफरा-तफरी भरी दुनिया का सर्जन' बताते हुए साइमंस ने कहा कि इस दाएं हाथ के ओपनर ने अपनी लय फिर से पा ली है। उन्होंने कहा, 'लीडरशिप ग्रुप को लेकर हमारी सोच एकदम साफ है और वह साफ तौर पर टीम का लीडर है। विकेट मुश्किल रहे हैं, और उसने उन पर डटकर मुकाबला किया है। मुझे लगता है कि यही एक बेहतरीन बल्लेबाज की असली पहचान है कि वह सिर्फ अच्छी विकेटों पर ही रन नहीं बनाता। मैंने हमेशा उसे बल्लेबाजी की इस अफरा-तफरी भरी दुनिया का 'सर्जन' कहा है।'

### चेन्नई को हर मैच में दर्ज करनी होगी जीत

धोनी इस सीजन में एक भी मैच में नहीं खेले हैं। पांच बार की चैंपियन सीएसके नौ मैचों में चार जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है। चेन्नई को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बचे हुए मैचों में से कम से कम चार मुकाबले जीतने होंगे। सीएसके के लिए एक अच्छी बात यह रही है कि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पिछले दो मैचों में रन बनाने में सफल रहे हैं। इनमें दो अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं।

# पीएसएल जीतते ही बाबर आजम गरजे: तीनों फॉर्मेट खेलने को लेकर किया बड़ा एलान

**पेशावर जाल्मी को PSL 2026 का खिताब दिलाने के बाद बाबर आजम ने अपने भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया है। एक रिपोर्टर के सवाल पर बाबर ने साफ कहा कि वह तीनों फॉर्मेट खेलते रहेंगे। साथ ही उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट के महत्व और अपने खराब दौर से उबरने की कहानी भी साझा की।**



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने पीएसएल 2026 जीतने के बाद अपने भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया। जब प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या अब वह किसी एक फॉर्मेट पर ज्यादा ध्यान देंगे, तो बाबर ने बीच में ही जवाब देते हुए कहा, 'टेंशन न लें, मैं तीनों फॉर्मेट खेलूंगा।' बाबर की कप्तानी में पेशावर जाल्मी ने पीएसएल का दूसरा खिताब जीता। हालांकि फाइनल में बाबर गोल्डन डक पर आउट हो गए, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा।

### तीनों फॉर्मेट खेलने पर क्या बोले बाबर?

बाबर आजम ने कहा, 'यह खिलाड़ी का काम नहीं है कि वह तय करे कौन सा फॉर्मेट छोड़े। खिलाड़ी का काम खेलना है। मेरी राय में हर खिलाड़ी को क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट खेलने चाहिए। सिर्फ व्हाइट-बॉल या टी20 पर ध्यान नहीं देना चाहिए। रेड-बॉल क्रिकेट आपको बहुत अनुभव देता है। यह आपको पारी बनाना और धैर्य रखना सिखाता है।' उन्होंने आगे कहा, 'जब आप चार दिन का क्रिकेट या घरेलू क्रिकेट खेलते हैं तो लंबे रन बनाने का अनुभव मिलता है। टेस्ट क्रिकेट से जो धैर्य और मानसिकता मिलती है, उसका फायदा वनडे और टी20 में भी होता है।'

**पहली बार पीएसएल जीतने पर खुशी:** अपने करियर में पहली बार पीएसएल ट्रॉफी जीतने पर बाबर बेहद खुश नजर आए। उन्होंने कहा, 'देर आए दुरुस्त आए। कभी चीजें देर से मिलती हैं और कभी जल्दी मिल जाती हैं।'

### बल्ले से भी चमके बाबर

इस सीजन बाबर आजम ने 11 मैचों में 588 रन बनाए और टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। हालांकि टी20 क्रिकेट में उनकी स्ट्राइक रेट और बल्लेबाजी शैली को लेकर सवाल उठते रहे थे। इस पर बाबर ने कहा, 'जहां तक बल्लेबाजी की बात है, मैं खुद अपनी उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया था। लेकिन ऐसा होता है। कभी-कभी आप अपनी योजना के मुताबिक चीजें लागू नहीं कर पाते।'

**खराब दौर से कैसे निकले?**

बाबर ने बताया, 'ऐसे समय में आप खुद को देखते हैं, गलतियों का विश्लेषण करते हैं और उन्हें सुधारते हैं। मैंने भी यही किया। मेरे परिवार और करीबी दोस्तों ने मेरा बहुत साथ दिया। कोचों से बात की और अपने खेल पर काम किया। जिंदगी रोलरकोस्टर की तरह चलती है, कभी अच्छा समय आता है तो कभी बुरा।'

बाबर ने कहा, 'वर्ल्ड कप से लौटने के बाद मैं उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया था, इसलिए थोड़ा निराश था। लेकिन मेरे पास ज्यादा समय नहीं था। मैंने अपनी गलतियां देखीं, तकनीक और मानसिकता पर काम किया। इस पीएसएल में मेरा लक्ष्य सिर्फ नैचुरल गेम खेलना था।' बाबर के इस बयान के बाद साफ है कि वह आने वाले समय में पाकिस्तान के लिए तीनों फॉर्मेट में खेलते रहना चाहते हैं।

# विनेश ने उठाए निष्पक्षता और सुरक्षा पर सवाल

## WFI ने दी गारंटी, लेकिन आयोजन स्थल बदलने से इनकार



**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट ने गोंडा में होने वाले टूर्नामेंट को लेकर सुरक्षा और पक्षपात की आशंका जताई और कहा कि किसी भी अप्रिय घटना के लिए सरकार जिम्मेदार होगी। वहीं, भारतीय कुश्ती महासंघ ने सुरक्षा की गारंटी दी, लेकिन आयोजन स्थल बदलने से साफ इनकार कर दिया।

भारतीय कुश्ती जगत में एक बार फिर विवाद गहराता दिख रहा है। दिग्गज महिला पहलवान विनेश फोगाट ने गोंडा में होने वाले राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट को लेकर सुरक्षा और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। वहीं, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने उनकी सुरक्षा की व्यक्तिगत गारंटी दी है, लेकिन टूर्नामेंट का स्थल बदलने से साफ इनकार कर दिया है।

**सुरक्षा की गारंटी**

संजय सिंह ने स्पष्ट कहा कि गोंडा में 10 से 12 मई तक होने वाला यह टूर्नामेंट तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विनेश की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित की जाएगी और मुकाबलों में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा अनुमोदित रेफरी मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी मुकाबलों की रिकॉर्डिंग भी की जाएगी, जिससे किसी तरह के पक्षपात की संभावना नहीं रहेगी।

दूसरी ओर, विनेश फोगाट ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि यदि प्रतियोगिता के दौरान उनके या उनकी टीम के किसी सदस्य के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसके लिए भारत सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि जिस स्थान पर टूर्नामेंट आयोजित हो रहा है, वहां पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह का प्रभाव हो सकता है, जिससे फैसलों में पक्षपात की गुंजाइश बनती है।

**टूर्नामेंट का स्थान बदलना मुश्किल:** विनेश ने कहा कि रेफरी की नियुक्ति, अंकों का निर्धारण और अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मीडिया और खेल समुदाय से भी आयोजन स्थल पर उपस्थित रहने की अपील की। डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लगभग 1400 पहलवानों के शामिल होने वाले इतने बड़े टूर्नामेंट का स्थान बदलना व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि इससे खिलाड़ियों की यात्रा और आवास जैसी व्यवस्थाओं पर असर पड़ेगा।

# करोड़ों की कमाई, पर फीका प्रदर्शन! छह साल से चौंका रहा ये खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में एक बार फिर शाहरुख खान का नाम चर्चा में है। वजह उनका प्रदर्शन नहीं, बल्कि लगातार मिलने वाले महंगे कॉन्ट्रैक्ट हैं। पिछले छह सीजन से पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस जैसी टीमों ने उन पर करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन आंकड़े उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहे। 64 मैचों के करियर में सिर्फ 775 रन, औसत 20.39 और कोई शतक नहीं। 2026 सीजन में भी नौ मैचों में सिर्फ 43 रन बने हैं। इसके बावजूद टीमें अब भी उन पर भरोसा दिखाती हैं। सवाल यही है कि आखिर ऐसा क्यों?

आईपीएल में हर साल कुछ खिलाड़ियों पर बोली लगती है, कुछ पर भरोसा जताया जाता है और कुछ नाम ऐसे होते हैं, जिन पर सवाल भी उठते हैं। गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर शाहरुख खान उन्हीं खिलाड़ियों में शामिल हैं। पिछले छह वर्षों से फ्रेंचाइजियां उन पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, लेकिन प्रदर्शन अब तक उस कीमत के बराबर नजर नहीं आया। 2026 सीजन में भी गुजरात टाइटंस ने उन्हें चार करोड़ रुपये में अपने साथ रखा, लेकिन आंकड़े फिर निराश करने वाले हैं। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर भी उनके रोल और कीमत को लेकर बहस तेज है।

### शाहरुख खान का आईपीएल में हर साल प्रदर्शन

| साल | मैच | रन | सर्वश्रेष्ठ स्कोर | स्ट्राइक रेट |
|---|---|---|---|---|
| करियर | 64 | 775 | 58 | 147.90 |
| 2026 | 9 | 43 | 17 | 130.30 |
| 2025 | 15 | 179 | 57 | 179.00 |
| 2024 | 7 | 127 | 58 | 169.33 |
| 2023 | 14 | 156 | 41* | 165.96 |
| 2022 | 8 | 117 | 26 | 108.33 |
| 2021 | 11 | 153 | 47 | 134.21 |

### करोड़ों की कमाई, हर साल बड़ा भरोसा

शाहरुख खान को सबसे पहले 2021 में पंजाब किंग्स ने 5.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके बाद 2022 और 2023 में उन्हें नौ-नौ करोड़ रुपये मिले। फिर गुजरात टाइटंस ने 2024 में उन पर 7.4 करोड़ रुपये खर्च किए। 2025 और 2026 में भी चार-चार करोड़ रुपये देकर टीम ने उन्हें अपने साथ बनाए रखा। यानी छह सीजन में फ्रेंचाइजियों ने लगातार उन पर बड़ा निवेश किया।

### लेकिन आंकड़े क्या कहते हैं?

अगर करियर आंकड़ों पर नजर डालें तो शाहरुख खान ने 64 मैचों में 775 रन बनाए हैं।

उनका औसत 20.39 और स्ट्राइक रेट 147.90 है। उन्होंने अब तक आईपीएल में एक भी शतक नहीं लगाया है और सिर्फ दो अर्धशतक ही दर्ज हैं। फिनिशर माने जाने वाले खिलाड़ी के लिए ये आंकड़े बहुत प्रभावशाली नहीं माने जाते। गुजरात को भी नौ मैच बाद जाकर होश आया और उसने अपने 10वें मैच में जाकर निशांत संधू को खिलाया जो बढ़िया ऑलराउंडर माने जाते हैं।

### फिर भी खरीदने को आतुर रहती टीमें



# ज्वेरेव को हराकर सिनर ने लगातार पांचवां मास्टर्स 1000 खिताब जीता



**मैड्रिड।** सिनर ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने शुरूआत में ही ज्वेरेव की सर्विस तोड़ी और उन्हें कभी भी अपनी लय में आने का मौका नहीं दिया।

विश्व नंबर एक यानिक सिनर ने एलेक्जेंडर ज्वेरेव को मात देकर मुतुआ मैड्रिड ओपन में मेंस सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने लगातार पांचवीं बार एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। 58 मिनट के एकतरफा मुकाबले में इतालवी खिलाड़ी ने 6-1, 6-2 से जीत हासिल की, जिसके साथ उन्होंने एलीट स्तर पर अपनी शानदार लय को बरकरार रखा है। जीत के साथ, सिनर 1990 में इस सीरीज की शुरूआत के बाद से लगातार पांच मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। यह उनकी हर तरह की सतह पर जबरदस्त पकड़ को दिखाता है।

सिनर ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने शुरूआत में ही ज्वेरेव की सर्विस तोड़ी और उन्हें कभी भी अपनी लय में आने का मौका नहीं दिया। उन्होंने अपने चारों ब्रेक प्वाइंट्स को भुनाया, जबकि अपनी सर्विस पर उन्हें एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। उनकी पहली सर्विस की सटीकता कमाल की थी, उन्होंने उन प्वाइंट्स में से 93 प्रतिशत जीते और बेसलाइन से सटीक नियंत्रण के साथ रैली को अपने पक्ष में किया।

एटीपी ने सिनर के हवाले से कहा, 'मैंने मैच की शुरूआत बहुत अच्छी की और तुरंत ही उनकी सर्विस तोड़ दी। आज वह अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं खेल रहे थे, इसलिए मैंने आक्रामक होकर खेलने की कोशिश की। मैं जिस स्तर का खेल दिखा रहा हूं, उससे बहुत खुश हूं। इस तरह एक और खिताब जीतना अविश्वसनीय है। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह एक और शानदार टूर्नामेंट रहा है।'

मैड्रिड का यह खिताब सिनर का नौवां मास्टर्स 1000 खिताब है। यह उस शानदार दौर की पराकाष्ठा है, जिसकी शुरूआत पिछले साल अक्टूबर में शंघाई में उनके रिटायर होने के बाद हुई थी। तब से, 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे-कार्लो और अब मैड्रिड में खिताब जीते हैं। इस दौरान उन्होंने इन सभी टूर्नामेंट्स में मिलाकर सिर्फ कुछ ही सेट्स गंवाए हैं।

खास बात यह है कि सिनर इस सीजन के शुरूआती चारों मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले भी पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए 'सनशाइन डबल' पूरा किया था और फिर मोंटे-कार्लो में कार्लोस अल्काराज को हराया था।

यह इतालवी खिलाड़ी अब और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की कगार पर खड़ा है। वह प्रतिष्ठित 'करियर गोल्डन मास्टर्स' पूरा करने से सिर्फ एक खिताब दूर हैं। यह उपलब्धि अब तक सिर्फ नोवाक जोकोविच ने ही हासिल की है। सिनर के पास अपने घरेलू मैदान पर होने वाले आगामी रोम मास्टर्स में इस उपलब्धि को हासिल करने का मौका होगा।

# 15,600 करोड़ की डील पर घिरा राजस्थान रॉयल्स का सौदा, कानूनी विवाद की आहट से बढ़ी हलचल



**चेन्नई।** राजस्थान रॉयल्स की 15,600 करोड़ रुपये की बड़ी बिक्री डील कानूनी विवाद में फंसती नजर आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, काल सोमानी समूह इस सौदे के खिलाफ कानूनी कदम उठाने की तैयारी में है। दूसरी ओर, लक्ष्मी मित्तल परिवार और अदार पूनावाला ने फ्रेंचाइजी में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने की पुष्टि की है।

राजस्थान रॉयल्स की मालिकाना हिस्सेदारी से जुड़ा 15,600 करोड़ रुपये का बड़ा सौदा अब कानूनी विवादों में घिर सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, मशहूर उद्योगपति लक्ष्मी एन. मित्तल, उनके बेटे आदित्य मित्तल और अदार पूनावाला ने आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स में बहुमत हिस्सेदारी खरीद ली है, लेकिन इस प्रक्रिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

### कानूनी लड़ाई की तैयारी

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, पहले रेस में शामिल काल सोमानी समूह इस सौदे से नाराज है और कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। समूह के करीबी सूत्र ने कहा, 'हमने अमेरिका में लीगल और पीआर टीम से बात की है।

### डील पर उठे सवाल

सोमानी समूह का दावा है कि सौदे के दौरान कई अहम सवालों के जवाब नहीं दिए गए। सूत्र के मुताबिक, 'हमने पूछा था कि क्या बीसीसीआई के बकाया भुगतान हो चुके हैं। हम पिछले 10 दिनों से डील पूरी करने को तैयार थे, लेकिन जानबूझकर देरी की गई और दूसरी तरफ सौदेबाजी चलती रही।'

# गाजियाबाद आसपास




# पश्चिम बंगाल में भाजपा का कमल खिलने पर भाजपा के नेताओं ने दिखाया उत्साह और जताया आभार

### संघर्ष से जीत तक का सफर : संजीव त्यागी, पूर्व पार्षद



**करंट क्राइम।** संजीव त्यागी ने कहा कि बंगाल की यह जीत लंबे संघर्ष और निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मोदी के विकास मॉडल और अमित शाह की रणनीति ने जनता में विश्वास जगाया, जबकि सुनील बंसल ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने हर परिस्थिति में डटे रहकर ममता बनर्जी के शासन के खिलाफ माहौल बनाया और जनता ने उसे जनादेश में बदल दिया।

### कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत : मनवीर पवार



**करंट क्राइम।** मनवीर पवार ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके देवतुल्य कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने बंगाल में हर चुनौती का सामना किया। उन्होंने कहा कि मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं को प्रेरणा दी और सुनील बंसल ने संगठन को मजबूती दी। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की नीतियों से परेशान जनता ने कार्यकर्ताओं के माध्यम से अपनी आवाज उठाई और परिवर्तन को समर्थन दिया।

### बूथ मैनेजमेंट बना जीत की कुंजी : विनीत शर्मा, पूर्व राजनगर मंडल अध्यक्ष



**करंट क्राइम।** विनीत शर्मा ने कहा कि बंगाल की जीत में बूथ स्तर पर की गई रणनीति और प्रबंधन की अहम भूमिका रही। उन्होंने कहा कि अमित शाह की चुनावी रणनीति और सुनील बंसल के संगठनात्मक कौशल ने हर बूथ को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व ने जनता में विश्वास पैदा किया और कार्यकर्ताओं ने उसे वोट में बदलकर ममता बनर्जी की सरकार को चुनौती दी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की लहर : अजेंद्र चौधरी



**करंट क्राइम।** सहसंयोजक महानगर पंचायत प्रकोष्ठ भाजपा अजेंद्र चौधरी ने कहा कि बंगाल के ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल बना, जो इस जीत का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं और अमित शाह की रणनीति ने गांव-गांव तक पहुंच बनाई। उन्होंने कहा कि सुनील बंसल के संगठनात्मक प्रयासों और कार्यकताओं की मेहनत ने ममता बनर्जी के प्रभाव को कमजोर किया।

### जनता ने बदलाव का फैसला किया : श्यामवीर चौधरी, पूर्व मेयर प्रत्याशी



**करंट क्राइम।** श्यामवीर चौधरी ने कहा कि बंगाल की जनता ने स्पष्ट रूप से बदलाव के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने जनता को भरोसा दिया कि राज्य में सुशासन संभव है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की मेहनत ने ममता बनर्जी की राजनीति को जनता के सामने बेनकाब किया।

### संगठन की एकजुटता बनी ताकत : मनोज भाटी



**करंट क्राइम।** महानगर कार्यकारिणी सदस्य मनोज भाटी ने कहा कि भाजपा की जीत संगठन की एकजुटता और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सुनील बंसल ने संगठन को जिस तरह से खड़ा किया, उसने हर कार्यकर्ता को सक्रिय किया। उन्होंने कहा कि मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने दिशा दी और कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी के खिलाफ मजबूत जनसमर्थन तैयार किया।

### विकास और विश्वास की जीत : महेंद्र यादव



**करंट क्राइम।** महानगर उपाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि बंगाल की जनता ने विकास और विश्वास के आधार पर भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं ने हर वर्ग तक पहुंच बनाई और अमित शाह की रणनीति ने उसे राजनीतिक ताकत दी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर काम करते हुए ममता बनर्जी के शासन के खिलाफ माहौल बनाया।

### रणनीति और संगठन का सफल समन्वय : पंकज भारद्वाज



**करंट क्राइम।** महानगर महामंत्री पंकज भारद्वाज ने कहा कि यह जीत रणनीति और संगठन के सफल समन्वय का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अमित शाह की रणनीति और सुनील बंसल के संगठन निर्माण ने भाजपा को मजबूत आधार दिया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने जनता में विश्वास पैदा किया और कार्यकर्ताओं ने उसे जनादेश में बदल दिया।

### नए युग की शुरूआत: कुलदीप त्यागी, पार्षद



**करंट क्राइम।** कुलदीप त्यागी ने कहा कि यह जीत नए राजनीतिक युग की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने बदलाव संभव किया। सुनील बंसल ने संगठन को मजबूत किया। कार्यकर्ताओं ने मेहनत कर माहौल बनाया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की राजनीति को जनता ने समाप्त कर दिया।

### व्यापारी वर्ग का भरोसा : डॉ. अतुल कुमार जैन



**करंट क्राइम।** अध्यक्ष लोहा व्यापार मंडल डॉ. अतुल कुमार जैन ने कहा कि इन राज्यों में व्यापारी वर्ग ने भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक विकास को नई दिशा मिली। अमित शाह की रणनीति ने इसे राजनीतिक मजबूती दी। संगठन और कार्यकर्ताओं ने इसे जमीन पर उतारा। उन्होंने कहा कि जनता ने ममता बनर्जी की नीतियों को नकार दिया।

### कार्यकर्ताओं की तपस्या रंग लाई : योगेश भाटी



**करंट क्राइम।** भाजपा नेता योगेश भाटी ने कहा कि यह जीत भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने प्रेरणा दी। सुनील बंसल ने संगठन को मजबूत किया। कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की राजनीति को जनता ने अस्वीकार किया।

### जनता ने अराजकता को नकारा : पप्पू पहलवान



**करंट क्राइम।** पूर्व महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने कहा कि इन राज्यों में जनता ने अराजकता और भ्रष्टाचार को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने विश्वास पैदा किया। अमित शाह की रणनीति ने जीत सुनिश्चित की। संगठन और कार्यकर्ताओं ने हर स्तर पर मेहनत की। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के खिलाफ जनता ने वोट दिया।

### राष्ट्रहित सर्वोपरि : योगेंद्र मावी



**करंट क्राइम।** भाजपा नेता योगेंद्र मावी ने कहा कि जनता ने राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए भाजपा को जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है। अमित शाह की रणनीति और सुनील बंसल के संगठन ने इसे आधार दिया। कार्यकर्ताओं ने हर स्तर पर काम किया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की राजनीति को जनता ने नकार दिया।

### महिला शक्ति का समर्थन : रीना भाटी



**करंट क्राइम।** पूर्व चेयरमैन रीना भाटी ने कहा कि इन राज्यों में महिलाओं ने भाजपा को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की योजनाओं ने महिलाओं का विश्वास जीता। अमित शाह की रणनीति और संगठन ने इसे मजबूत किया। कार्यकर्ताओं ने हर घर तक पहुंच बनाई। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की राजनीति को महिलाओं ने अस्वीकार किया।

### जमीनी मेहनत का परिणाम : धीरज अग्रवाल, पार्षद



**करंट क्राइम।** धीरज अग्रवाल ने कहा कि यह जीत जमीनी स्तर पर की गई मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने दिशा दी। सुनील बंसल ने संगठन को मजबूत किया। कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंच बनाई। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की राजनीति को जनता ने नकार दिया।

### संगठन की मजबूती का प्रमाण : गोपाल अग्रवाल



**करंट क्राइम।** पूर्व महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की जीत संगठन की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और अमित शाह की रणनीति ने पार्टी को आगे बढ़ाया। सुनील बंसल ने संगठन को मजबूत किया। कार्यकर्ताओं ने हर स्तर पर मेहनत की। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की राजनीति को जनता ने अस्वीकार किया।

### कार्यकर्ता ही असली शक्ति : कुलदीप कसाना



**करंट क्राइम।** पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप कसाना ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने प्रेरणा दी। सुनील बंसल ने संगठन को दिशा दी। कार्यकर्ताओं ने संघर्ष कर जीत सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की राजनीति को जनता ने नकार दिया।

### जमीनी स्तर पर मेहनत का परिणाम : पवन सहलोत



**करंट क्राइम।** जिला पंचायत सदस्य पवन सहलोत ने कहा कि यह जीत जमीनी स्तर पर की गई मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर जनता से संवाद किया और उन्हें भाजपा की नीतियों से जोड़ा। उन्होंने कहा कि मोदी और अमित शाह के नेतृत्व ने दिशा दी और ममता बनर्जी की राजनीति को जनता ने नकार दिया।

### कार्यकर्ता और नेतृत्व का अद्भुत तालमेल : ललित कश्यप



**करंट क्राइम।** महानगर महामंत्री ललित कश्यप ने कहा कि बंगाल की जीत कार्यकर्ताओं और नेतृत्व के अद्भुत तालमेल का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मोदी, अमित शाह और सुनील बंसल के नेतृत्व ने संगठन को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने हर चुनौती का सामना करते हुए ममता बनर्जी के खिलाफ माहौल बनाया और जनता ने भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश दिया।

### ऐतिहासिक जनादेश, मजबूत नेतृत्व और विकास की जीत : विपिन गोयल



**करंट क्राइम।** विपिन गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय देश की जनता के अटूट विश्वास, विकास की सोच और सशक्त नेतृत्व की जीत है। उन्होंने नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में देश और प्रदेश ने विकास, सुशासन और सुरक्षा के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने अतुल गर्ग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व के संकल्प की जीत है और आने वाले समय में देश इसी तरह प्रगति करता रहेगा।

### कई राज्यों में विजय, नेतृत्व पर मुहर : संजीव त्यागी



**करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद संजीव त्यागी ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत मजबूत नेतृत्व और संगठन की ऐतिहासिक सफलता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की नीतियों और अमित शाह की रणनीति ने जनता में विश्वास पैदा किया। उन्होंने कहा कि सुनील बंसल के संगठन कौशल ने कार्यकर्ताओं को दिशा दी। देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने हर चुनौती का सामना कर जनसमर्थन जुटाया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की राजनीति को जनता ने नकारते हुए विकास को चुना।

### विकास के नाम पर जनादेश : मदन रॉय, पार्षद



**करंट क्राइम।** मदन रॉय ने कहा कि जनता ने विकास और सुशासन के नाम पर भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने विश्वास पैदा किया। अमित शाह की रणनीति ने इसे मजबूत किया। संगठन और कार्यकर्ताओं ने मेहनत की। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के खिलाफ जनता ने फैसला दिया।

### युवा शक्ति का योगदान : हिमांशु चौधरी, पार्षद



**करंट क्राइम।** हिमांशु चौधरी ने कहा कि इस जीत में युवाओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की नीतियों ने युवाओं को जोड़ा। अमित शाह की रणनीति और संगठन ने इसे मजबूती दी। कार्यकर्ताओं ने हर स्तर पर काम किया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की राजनीति को युवाओं ने नकार दिया।




### मैं सक्रिय हूं ये मंडल अध्यक्ष बतायेगा, और संघ का नगरकार्यवाह बतायेगा

फूल वालों के यहां अब देवतुल्यों के बोल कई बार शूल की तरह बाहर आते हैं। उनका गुस्सा जायज हैं और वो बता रहे हैं कि ये जनप्रतिनिधि क्यों भूल जाते हैं कि इनकी जमीन हम कार्यकर्ता ही तैयार करते हैं। कृपा वाली लिस्ट भी आउट हो गयी और महानगर की टीम भी डिक्लेयर हो गयी। कोई डाउट ही नहीं रहा कि किसने किसकी कितनी केयर की। किस्सा देवतुल्य और जनप्रतिनिधि के बीच हुई जुबानी भिडंत का है। देवतुल्य ने पूछ लिया कि क्या कमी रह गयी हमारी सेवा में जो हम पर कृपा नहीं हुई। देवतुल्य रोष में था तो ऐसे में जनप्रतिनिधि खामोश भी रह सकते थे। मगर ये शहर है और यहां अब लहर का कहर है। जनप्रतिनिधि की जुबान चली और कह दिया कि तुम उतने सक्रिय नहीं हो, इसलिए नाम कंसीडर नहीं हुआ होगा। इतना सुनते ही देवतुल्य भी बबूल हो गया। उसने कहा कि मेरी सक्रियता कोई विधायक, मेयर या सांसद नहीं बतायेगा। मैं पार्टी में सक्रिय हूं या नहीं हूं ये मंडल अध्यक्ष बतायेगा। मैं सक्रिय हूं या नहीं हूं और मेरी संघ के प्रति क्या लॉयलटी है ये संघ का नगरकार्यवाह बतायेगा। इसके बाद देवतुल्य ने कहा कि सुनों जनप्रतिनिधि समय किसी का एक सा नहीं रहता और हम भी यही हैं और तुम भी यहीं हो, अब आने वाला समय बतायेगा।

### इसे कृपा नहीं कहते इसे भगवा राजनीति की सेवा निवृत्ति कहते हैं

नामित वाली लिस्ट में लाईनपार वाले गुप्ता जी भी हैं और सरदार जी भी हैं। कृपा वाली सूचि में दो युवा चेहरे भी हैं। बात बिटविन द भाजपाई चल रही थी और यहां इस कृपा से दूर रहे भाजपाई को दूसरे भाजपाई ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि दल कोई सा भी हो नामित वाला पद सियासत से वनवास ही दे देता है। उन्होंने बताया कि सपासरकार में कभी सुनील गुप्ता नामित पार्षद बने, मधु शर्मा नामित पार्षद बनीं। फिर बसपा आयी तो हरिदत्त पहलवान नामित पार्षद बने। अब भाजपा आई तो पहले दस बने और अब फिर दस बने हैं। भाजपाई ने कहा कि हिस्ट्री उठाकर देख लो जिस पर नामित कृपा हुई है फिर वो सियासत की राह में गुम हो जाता है। उसकी राजनीति खत्म हो जाती है। ये नामित वाली कृपा किसी पर ना हो तो ज्यादा बढ़िया। वो तो भगवा चौहान अलग केस निकले। हालाकि उन्होंने भी कठिनाई को फेस किया और वो टिकट कटने वाले गम को झेलकर आ गये। पहले वाले दस देख लो एक को भी टिकट नहीं मिला और अब ये जो दस बने हैं आ रही है 27 ये भी खेलेंगे सियासत की आईसपाईस।

### क्यों फीकी पड़ रही है ध्वज की चमक और प्रणाम की धमक

2017 में फूल खिला और कई दिन तक तो इसी बात को लेकर सत्ता में कोई पत्ता तक नहीं हिला कि कुर्सी पर कौन विराजेगा। मठ वालों के लिए आदेश हुआ और भगवा अंधड़ आ गया। मंदिरों के पुजारी अलग ही अदा में नजर आने लगे और जो ध्वज प्रणाम वाले खुलकर अपनी आईडेंटी नहीं बताते थे वो भी राजनीतिक मंचों पर नजर आने लगे। मौहल्ले वालों को भी सालों बाद पता चला कि पड़ौस में रहने वाले फलाने जी भाईसाहब तो ध्वज प्रणाम वाले हैं। नये भाजपाई फलों के टोकरे लेकर उनके दरवाजे पर जाने लगे। अब ठकुर सुहाती भला किसे बुरी लगती है और जिनका जीवन सादगी की मिसाल था वो भी महंगी कारों में नजर आने लगे। लेकिन धीरे धीरे नये भाजपाईयों को लगा कि ये प्रणाम का कोई सियासी परिणाम नहीं आ रहा। परिणाम ये हुआ कि उन्होंने पहले ध्वज प्रणाम वालों के यहां जाना छोड़ा और फिर उनके फोन भी उठाना छोड़ दिया। पुराने भाजपाई तो पहले से ही जानते थे कि अलाने जी भाईसाहब और फलाने जी भाईसाहब टिकट नहीं दिलवा सकते, पद नहीं दिलवा सकते। नये भाजपाई कन्फ्यूज थे कि इन ध्वज प्रणाम वालों को यूज किया जा सकता है।

## मकानों, दुकानों और सीएचसी में भरा पानी, हजारों लोग हुए परेशान



**हापुड़ करंट क्राइम।** शहर में साफ-सफाई के नाम पर प्रतिवर्ष 20 करोड़ खर्च हो रहे हैं, लेकिन बारिश के बाद रविवार की रात से लेकर सोमवार की शाम तक भी गढ़ रोड और आसपास के मोहल्लों में जलभराव के कारण हजारों लोगों ने परेशानी झेली है। बारिश का पानी मकानों, दुकानों और सीएचसी के अंदर तक भर गया। इस कारण मरीजों व तिमारदारों तक को आने-जाने में समस्या हुई। वहीं, गढ़ रोड के मोहल्लों में जलभराव होने से लोगों में पालिका के प्रति आक्रोश व्याप्त है। तमाम शिकायतों के बाद भी अधिकारी धृतराष्ट्र बने हुए हैं।

रविवार की देर रात तेज आंधी के साथ बारिश हुई थी। बारिश के कारण पूरे शहर में जगह-जगह जलभराव हुआ, लेकिन शहर के गढ़ रोड पर पानी सोमवार की शाम तक भी नहीं निकला। इस कारण मार्ग से गुजरने वाले हजारों वाहन स्वामियों को परेशानी झेलनी पड़ी। गढ़ रोड के मोहल्ला भीमनगर, न्यू भीमनगर और आसपास के मोहल्लों के कुछ मकानों में रात्रि के समय मकानों में भी नाले का पानी घुस गया। स्थानीय निवासी सोनू कुमार और नितिन सिंह ने बताया कि रात्रि में अचानक तेज बारिश के कारण मकान के नीचे के हिस्से में पानी घुस गया। जब से गढ़ रोड पर नाला बन रहा है। तभी से ही यहां पानी निकासी की समस्या है। इसलिए लोगों ने अपने घरों के सामान ईंट आदि लगाकर पहले से ही ऊपर रखे हुए हैं। इस कारण आर्थिक नुकसान नहीं पहुंचा है। कई बार शिकायत करने और जाम लगाने के बाद भी एचपीडीए व नगर पालिका के अधिकारी कुछ नहीं कर रहे हैं।




### किस थ्री-स्टार ने फिर ली पुलिस कमिश्नरेट में एंट्री

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई थ्री-स्टार अपनी वर्किंग के जरिये अपनी पहचान बनाते हैं। तो उनके काम से ही उनका नाम होता है। वैसे तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाइ वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में थ्री-स्टार है और कुछ थ्री-स्टार अपनी अलग पहचान रखते हैं। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के एक खास जोन के थाने में उसी थ्री-स्टार की दोबारा से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एंट्री हो गई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बेहद महत्वपूर्ण और यूं कहें तो सबसे टेंशन-अटेंशन माने जाने वाले थाने में उनको भेजा गया है। अब बताया जा रहा है कि वह लंबे समय के लिए पीतल नगरी की एक कक्षा को संचालित करने गए थे। वह परीक्षा और परिणाम सफल और सार्थक रहे हैं। उसके बाद उनकी दोबारा से पुलिस कमिश्नरेट गाजियरबाद में एंट्री हो गई है। बता दें कि इस थ्री-स्टार ने वर्किंग से बेहद महत्वपूर्ण प्लेस बनाई है। उनकी उस खास केस में भूमिका रही है जो बेहद ही खास था। तो उसकी जांच भी की है। वहीं उत्तर प्रदेश से लेकर देश के कई हिस्सों और पुलिस के लिए सिरदर्द रहने वाले सोशल मीडिया इनफ्लुएंस के मामले में उसको थाने में पेश करना भी उनके लिए कम चुनौती पूर्ण काम नहीं था।



जिसको बाखूबी अंजाम दिया गया था। वैसे अब तो बताया जा रहा है कि यह पुराने वाले थाने में फिर से क्राइम कंट्रोल वाला काम संभालेंगे। वह साइबर के इस थाने में फिर से प्रभारी बनेंगे। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि उनकी इस थाने में पहली पारी शानदार और यादगार रही थी। तो अब कहा जा रहा है उनका अगला स्ट्रोक भी मास्टर ही रहेगा। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाले समय में एसीपी और थाना प्रभारियों के स्तर पर कितने बदलाव और किस-किस जोन में अधिक बदलाव देखने को मिलेगे। वैसे अब बताया जा रहा है कि मई का पूरा महीना तबादला नीति के नाम रहने वाला है। जिसके तहत कई बड़े फेरबदल भी पुलिस कमिश्नरेट में देखने को मिल सकते हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि थ्री- स्टार का दोबारा से कितना जलवा थाने में देखने को मिलेगा।

## झालमुड़ी खिलाकर मनाया सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा ने बंगाल चुनाव की जीत का जश्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पश्चिम बंगाल में कमल खिला और यहां भाजपा की सरकार बनी। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के लिए एक अहम जीत है। ये जीत उनके लिए पॉलिटिकल कैरियर की उपलब्धि भी है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार कर रहे थे। उन्हें पश्चिम बंगाल में अमडंगा, बीजापुर, बैरकपुर, नेहाटी, जगतदल, भाटपारा और नोपारा विधानसभा सीटों पर लगाया गया था। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पश्चिम बंगाल में डेरा डालकर चुनाव प्रचार किया। करंट क्राइम से बातचीत में सांसद अतुल गर्ग ने पहले ही कह दिया था कि पश्चिम बंगाल में कमल खिलेगा। उन्होंने कहा था कि 4 मई ममता दीदी गयी। ठीक वैसा ही हुआ और जब 4 मई को चुनाव नतीजे आये तो लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के घर पर जश्न मना।

सांसद अतुल गर्ग के प्रिय विधायक संजीव ने ये मैसिज किया और कहा कि सभी लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के आवास पर पहुंचे। सांसद अतुल गर्ग के आवास का नजारा कुछ खास था। बंगाल की जीत का जश्न था और यहां पर अंदाजे मेजबान के रूप में सांसद अतुल गर्ग अलग अंदाज में नजर आये। वो झालमुड़ी से जीत का पैगाम दे रहे थे।

अतुल गर्ग जब बाहरआये तो उनके एक हाथ में लड्डू और दूसरे हाथ में झालमुड़ी का पूरा टोकरा था। पश्चिम बंगाल की जीत और झालमुड़ी का स्वाद सांसद अतुल गर्ग का ये अंदाज जीत में जश्न में छाया रहा। सांसद अतुल गर्ग ने दिखाया कि वो चीजों को कुछ अलग ही अंदाज में करते हैं।





लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने बंगाल चुनाव की खुशी को एक नए अंदाज में सेलीब्रेट किया। ये अंदाज भाजपाईयों को बेहद पसंद आया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने एक बार फिर दोहराया कि यह खुशी उनके लिए अविस्मरणीय है। गौरतलब है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने एक बार फिर ये साबित किया है कि वो जहां जाते हैं तो वहां के सियासी समीकरण बदल जाते हैं। वो दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के सहप्रभारी बनाये गये थे। ये एक संयोग कह सकते हैं या लक बाई चांस कह सकते हैं कि दिल्ली चुनाव में भाजपा ने आम आदमी पार्टी को पछाड़ कर सत्ता हासिल की थी। एक बार फिर पार्टी ने सांसद अतुल गर्ग पर भरोसा किया। उन्हें पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए भेजा गया। अतुल गर्ग ने डेरा डालकर चुनाव प्रचार किया और एक बार फिर ये लक बाई चांस कहें या एक सुखद संयोग कहें या फिर सांसद अतुल गर्ग की मेहनत कहें। जो भी कहें एक शानदार जीत भाजपा के खाते में आई है। सांसद अतुल गर्ग ने खाते में आई इस जीत की खुशी को सबको झालमुड़ी खाते खिलाते बधाई दी शुभकामनाएं दीं।




**Lalit Kashyap**
10h ·

परम पूज्य बाबा नीब करोली जी का दर्शन कर विधानसभा चुनावों
में भाजपा की विजय के लिए प्रार्थना करते हुए (गंगोत्री से गंगासागर तक तय भाजपा जय भाजपा)





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक कार्यकर्ता की प्रार्थना भगवान ने सुनी। पूर्व पार्षद ललित कश्यप ने सोमवार की सुबह नीब करोली मंदिर में दर्शन किये और भाजपा की विजय के लिए प्रार्थना की। प्रार्थना स्वीकार हुई है और पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत हुई है। पूर्व पार्षद ललित कश्यप की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



## बंगाल की जीत राष्ट्रवाद और विकास' की विजय:सलेक त्यागी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय सदस्य सलेक त्यागी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र की मजबूती का संकेत बताया है। सलेक त्यागी ने कहा कि बंगाल की जनता ने भय और भ्रष्टाचार की राजनीति को त्याग कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' के मंत्र को चुना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह जीत बंगाल के उन लाखों किसानों और मेहनतकश लोगों की है, जो लंबे समय से अपने अधिकारों और केंद्रीय योजनाओं के लाभ से वंचित थे। अन्याय का अंत: ₹बंगाल में परिवर्तन की यह लहर अन्याय के अंत और सुशासन के नए युग की शुरूआत है। बंगाल की यह शानदार जीत राष्ट्रवाद की जीत है। वहां की जनता ने साबित कर दिया है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और विकास ही एकमात्र विकल्प है।

---

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा हुआ': मनोज गोयल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने बंगाल में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताया है। मनोज गोयल ने कहा कि जनसंघ के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना आज पूरा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की मेहनत रंग लाई है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने भी इस जीत में बढ़-चढ़कर साथ दिया है। 50 साल से पीड़ित जनता ने भारतीय जनता पार्टी में विश्वास व्यक्त करते हुए दो तिहाई बहुमत से विजय दिलाई है। मनोज गोयल ने आगे कहा कि यह जीत लोकतंत्र और राष्ट्रवाद की जीत है। बंगाल की जनता ने तुष्टिकरण और अराजकता को नकार कर विकास और सुशासन को चुना है। आने वाले समय में बंगाल देश के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के साथ-साथ बंगाल की जनता का आभार जताया।

---

## बंगाल में विकास की नई सुबह: पार्षद डॉ. अनिल तोमर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल और अमित शाह की रणनीति की जीत है।

डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि बंगाल की जनता ने 50 साल की अराजकता और भ्रष्टाचार को नकार कर राष्ट्रवाद को चुना है। यह जीत श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों की जीत है। अब बंगाल में विकास की नई सुबह होगी। युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा और हर वर्ग को सम्मान मिलेगा। उन्होंने बंगाल की जनता और भाजपा कार्यकताओं को बधाई दी।

---

## बंगाल ने तोड़ा भ्रम चुना कमल: कालू यादव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता कालू यादव ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर कहा जनता ने 50 साल का भ्रम तोड़कर कमल चुना है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और गृहमंत्री अमित शाह की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बंगाल ने तुष्टिकरण, हिंसा और भ्रष्टाचार को नकार कर राष्ट्रवाद और सुशासन को अपनाया है। स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बंगाल आज भाजपा के साथ खड़ा है। अब बंगाल में गरीब, किसान, महिला और युवा सभी का विकास होगा। कालू यादव ने बंगाल की जनता, भाजपा कार्यकताओं और केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दी और कहा कि यह जीत 2026 में पूरे देश की दिशा तय करेगी।

---

## बंगाल ने इतिहास रच दिया': विक्रम चौधरी



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। बृज विहार मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा कि ₹बंगाल की जनता ने इतिहास रच दिया है। 50 साल से चली आ रही तुष्टिकरण और अराजकता की राजनीति को जनता ने जड़ से उखाड़ फेंका है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र की जीत है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति और भाजपा कार्यकताओं की मेहनत रंग लाई है। बंगाल अब विकास की नई पटकथा लिखेगा। युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा और किसानों को सम्मान मिलेगा। विक्रम चौधरी ने बंगाल की जनता और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत पूरे देश में सकारात्मक संदेश देगी। बृज विहार मंडल के कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक पल से उत्साहित हैं और संगठन को और मजबूत करेंगे।

---

## पश्चिम बंगाल में राष्ट्रवाद और विकास की जीत: सचिन डेढ़ा



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भारतीय जनता पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र की विजय बताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत बंगाल की जनता द्वारा तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकार कर विकास और राष्ट्रवाद को चुनने का परिणाम है। सचिन डेढ़ा ने अपने बयान में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति ने बंगाल में एक नया इतिहास रचा है। सालों से अन्याय और हिंसा सह रही बंगाल की जनता ने अब 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा पर भरोसा जताया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता इस जीत से उत्साहित है और यह परिणाम आगामी चुनावों के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि जनता अब केवल सुशासन चाहती है। इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने बंगाल के कार्यकर्ताओं के संघर्ष और बलिदान को नमन किया।

## बंगाल जीत आम जनता की जीत : महेंद्र चौधरी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने कहा कि बंगाल जीत केवल एक संगठन की नहीं, बल्कि आम जनता की जीत है। महेंद्र चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष किया है। अब 'बंगाल जीत' के माध्यम से हर घर तक विकास पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा हमारा संगठन किसी जाति-धर्म का नहीं, बल्कि हर गरीब, मजदूर और जरूरतमंद का है। जनता का विश्वास ही हमारी ताकत है। हम टीम बनाकर वार्ड की हर समस्या का समाधान करेंगे और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनसेवा में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 'बंगाल जीत' जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

## पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र की विजय और तुष्टिकरण की हार:देवेन्द्र यादव



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय मीडिया सदस्य देवेंद्र यादव ने पश्चिम बंगाल की जीत 'सत्य की जीत' और 'अन्याय के अंत' का प्रतीक बताया है। देवेंद्र यादव ने कहा कि बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के भ्रष्टाचार, हिंसा और तुष्टिकरण की राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और जमीनी स्तर पर कार्यकताओं के कड़े परिश्रम को दिया।

**बयान के मुख्य अंश: जनता का अटूट विश्वास:** बंगाल की जनता लंबे समय से भय और अराजकता के माहौल में जी रही थी। आज के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वहां के लोगों को केवल पीएम मोदी की 'विकासवादी राजनीति' पर भरोसा है। यह जीत दर्शाती है कि बंगाल का हर वर्ग अब मुख्यधारा से जुड़कर प्रगति चाहता है।

**सोनार बांग्ला का संकल्प:** यह केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि 'सोनार बांग्ला' के निर्माण की शुरूआत है। अब बंगाल में सिंडिकेट राज और भ्रष्टाचार की जगह पारदर्शिता और रोजगार का शासन होगा। कार्यकताओं को बधाई दी जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों और हिंसा के खतरे के बीच लोकतंत्र की लौ को जलाए रखा। ₹बंगाल में कमल का खिलना इस बात का प्रमाण है कि विकास की गूँज के सामने तुष्टिकरण की दीवारें ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकतीं।

# पश्चिम बंगाल व असम में प्रचंड जीत पर लोनी में जश्न कार्यकर्ताओं संग झूमे विधायक नंदकिशोर गुर्जर



**लोनी (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में लोनी विधानसभा क्षेत्र में विधायक नंदकिशोर गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के साथ विधायक ढोल की थाप पर जमकर झूमे और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यकर्ताओं ने ह्भारत माता की जय, भाजपा जिंदाबादह्व और गो दीदी... गो जैसे जोशीले नारों के साथ अपनी खुशी व्यक्त की। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सशक्त रणनीति तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत और ठोस रणनीति के साथ कार्यकर्ताओं के मनोबल के कारण यह प्रचंड जीत संभव हो पाई है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण का अपमान करने वाली पार्टियां आज सत्ता से बाहर हो गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह दिन दूर नहीं जब उत्तर प्रदेश में भी विपक्ष को लगातार तीसरी बार सत्ता से दूर रहना पड़ेगा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी राजकुमार चौधरी, सर्वेश शर्मा, आकाश गौतम, मंडल अध्यक्ष मनीष चौहान, अश्विनी कुमार, जितेंद्र गुप्ता, संतोष मिश्रा, सभासद सतेंद्र बंसल, कृष्ण बंसल, रोहित भारद्वाज, विशाल धामा जीतू भाई, अनूप भड़ाना, लकी प्रधान, जयवीर बंसल, प्रशांत ठाकुर, विपिन कसाना, सुदेश भारद्वाज, अर्जुन नागर, हरेन्द्र प्रधान, कुलवीर चौहान, राजेश सोम विजयपाल बैसला, महामंत्री सूरज मिश्रा, प्रमोद भट्ट तरुणा शर्मा आदि उपस्थित रहें।

# बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर केबिनेट मंत्री सुनील के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की निर्णायक विजय के उपलक्ष्य में सोमवार को साहिबाबाद के राजेंद्र नगर स्थित केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के जनसंपर्क कार्यालय पर जीत का उत्सव मनाया। ढोल-नगाड़ों की थाप, आतिशबाजी और मिठाइयों के साथ कार्यकर्ताओं ने इस जीत को 'राष्ट्रवाद और सुशासन' की जीत बताया। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक सुनील कुमार शर्मा लखनऊ में कैबिनेट बैठक में व्यस्त होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके, उनके मार्गदर्शन में आयोजित इस । कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यालय प्रभारी हरिचंद शर्मा ने कहा कि यह जनादेश स्पष्ट करता है कि जनता अब तुष्टिकरण और अराजकता की राजनीति को पूरी तरह नकार चुकी है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह की कुशल चुनावी रणनीति को दिया। वक्ताओं ने विशेष रूप से बंगाल की जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि वहां के नागरिकों ने भ्रष्टाचार और भय के माहौल से निकलकर 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को चुना है। पूरा कार्यालय परिसर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर कार्तिकेय शर्मा, रीना भाटी, प्रमिला राणा, भूषण सिंह चौहान, आलोक शर्मा, विपिन डागर, नीरज रावल, नरेश भाटी, हिमांशु चौधरी, प्रतिभा शर्मा, विजेंद्र चौहान, प्रवीण भाटी, रामनिवास बंसल, प्रमोद राघव, सचिन डागर, संजय रावत, विनोद शर्मा, सुजीत गिरी, आनंद गुप्ता, सुधीर त्यागी, विजेंद्र भड़ाना, विक्रम चौधरी, संजय चौहान, मनोज डागर, माधव सूद, सागर रावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में लोक अदालत: 6 और 9 मई तक विशेष हेल्प डेस्क, लंबित मामलों का होगा समाधान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिले में लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए 6, 7, 8 और 9 मई को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान बिजली विभाग और आरटीओ से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु विशेष हेल्प डेस्क भी स्थापित की जाएंगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस लोक अदालत को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि वर्षों से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। खासतौर पर ऐसे मामलों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिनमें कम राशि या छोटे विवाद शामिल हैं और जिन्हें आपसी समझौते से समाप्त किया जा सकता है। बैठक में यह भी तय किया गया कि जनता की सुविधा के लिए बिजली विभाग और आरटीओ कार्यालय से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु विशेष हेल्प डेस्क लगाई जाएंगी। इन डेस्क पर आम नागरिक अपने बिजली बिल, चालान या अन्य संबंधित समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। अधिकारियों ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस लोक अदालत का लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों का निपटारा कराएं। इस पहल का उद्देश्य न केवल न्याय प्रक्रिया को तेज करना है, बल्कि लोगों को सरल और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना भी है।

# क्रूरता: बेनेट यूनिवर्सिटी की छात्रा से मारपीट बाल पकड़कर मारे थप्पड़ ही थप्पड़

**नोएडा।** ग्रेटर नोएड़ा के दादरी थानाक्षेत्र में स्थित बेनेट विश्वविद्यालय में छात्रा से रैगिंग का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक छात्रा, सामने बैठी दूसरी छात्रा को कई बार थप्पड़ मारती व गालियां देती दिख रही हैं। सोशल मीडिया पर तीन मिनट 17 सेकेंड का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों ने कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जब रैगिंग करना अपराध है, तो यह कैसे की जा सकती है। वहीं, इस प्रकरण में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने छात्र छात्राओं की सुरक्षा की चिंता, निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी ग्रेटर नोएडा इकाई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने की मांग करते हुए कुलपति एवं प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रांत मंत्री गौरव गौर ने कहा कि ये घटनाएं छात्रों के मनोबल को प्रभावित करती हैं, इसलिए प्रशासन को त्वरित और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। बता दे, वीडियो में हास्टल में कुछ छात्राएं बातचीत कर रही है। इनमें एक छात्रा दूसरी छात्रा से सॉरी बोलने व हर बार सॉरी बोलने पर एक खुराक यानी थप्पड़ मारने की बात कर रही है। थोड़ी देर बातचीत के बाद एक लड़की, पास में ही काले रंग के टॉप में खड़ी लड़की को उसके पिता पर कुछ गलत टिप्पणी करने की बात कहकर उकसाते हुए उसे लाल रंग के टॉप में बिस्तर में बैठी छात्रा को मारने के लिए बोलती है। तभी वीडियो बना रही लड़की भी उसे उकसाती है।

# पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने अंगूरी पार्क की दीवार वाल जीर्णोद्धार कार्य का किया उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड-83 की पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने सेक्टर-3, 9 ब्लॉक स्थित अंगूरी पार्क में दीवार वाल के मार्बल दाना जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन आरडब्ल्यूए के सम्मानित निवासियों की मौजूदगी में दिनेश त्यागी, आनंद चौहान, डॉ. राम मेहता, अरुण ग्रोवर, कर्मवीर नागर, सूबेसिंह, श्रीकांत चौहान, एके सक्सेना, भरत सिंह माहौर, हरीश, हेमराज, प्रेम कुमार भाटी, पुरुषोत्तम शर्मा, नरेंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, उमेश शर्मा, डॉ. हरीश चौहान, गोयल जी ने संयुक्त रूप से नारियल तोड़कर किया।



पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने कहा कि पार्क के जीर्णोद्धार से सभी ब्लॉक के निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा और वार्ड के सौंदर्यीकरण में यह कार्य मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पार्क की देखरेख में सहयोग की अपील की। क्षेत्र में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# शालीमार गार्डन में भाजपा की जीत का जश्न, बांटी मिठाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** असम, पश्चिम बंगाल और पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर सोमवार शाम शालीमार गार्डन विस्तार प्रथम में 'जीत का जश्न' मनाया गया। पूर्व महामंत्री पप्पू पहलवान ने कहा कि 'मोदी है तो मुमकिन है' का नारा आज सच साबित हुआ है। बंगाल की जनता ने 50 साल की तुष्टिकरण की राजनीति को खत्म कर विकास को चुना है। उन्होंने सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा ने इतिहास रचा है। कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाई बांटकर खुशी जताई। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

# मोदीनगर में भाजपा प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि का स्वागत, बंगाल जीत पर जताई खुशी



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री एवं आगरा प्रभारी अमित वाल्मीकि का मेरठ से दिल्ली जाते समय मोदीनगर के कादराबाद स्थित विपिन काला नमक फैक्ट्री पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यकताओं और स्थानीय पदाधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ उनका अभिनंदन किया।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अमित वाल्मीकि ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में भाजपा कार्यकताओं में उत्साह और जश्न का माहौल है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति, संगठन शिल्पकार सुनील बंसल के कुशल प्रबंधन और देवतुल्य कार्यकताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने विकास, सुशासन और सुरक्षित वातावरण के पक्ष में मतदान कर ममता बनर्जी की राजनीति को स्पष्ट रूप से नकार दिया है। यह जनादेश आने वाले समय में देश की राजनीति को नई दिशा देगा और भाजपा के ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व के संकल्प को और मजबूती देगा।

इस अवसर पर अमित तिसावड (क्षेत्रीय सदस्य भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश), सतीश अग्रवाल (मंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल), अधिवक्ता सजीव चिकारा (अध्यक्ष सहयोग फाउंडेशन), नवीन जायसवाल (सभासद), नागेंद्र कश्यप (राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्यप समाज), सुमित गुप्ता, आदित्य अग्रवाल, रवि दत्त सेन, नितिन चौहान, सुरेन्द्र सैनी, चौधरी जयप्रकाश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला के कार्यालय में बंगाल जीत का जश्न, बांटी झलमूड़ी-लड्डू



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला के इंदिरापुरम स्थित कार्यालय पर उत्सव मनाया गया। कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते हुए झलमूड़ी व लड्डू बांटकर खुशी जताई। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी की नीतियों पर जनता के भरोसे को धन्यवाद दिया।

अजय शुक्ला ने कहा कि बंगाल की जनता ने तुष्टिकरण की राजनीति को नकार कर विकास और सुशासन को चुना है। कार्यकताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत करने का संकल्प लिया। पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला ने मोदी-योगी व राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए बंगाल की जनता को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष अनिल मेहंदीरत्ता, दिनेश सिंह, किशोर ठाकुर, आशीष पांडेय, आरडी बंसल, दीपक ओबराय, डाल चंद शर्मा, पूनम बंसल, अपर्णा मिश्रा, बबीता दीक्षित, मंजू सिंह, स्वाति शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खोड़ा में स्मार्ट मीटर की समस्याओं को लेकर भाजपा नेत्री कविता करगेती ने विद्युत विभाग से की मुलाकात, समाधान का मिला आश्वासन



**साहिबाबाद(करंट क्राइम)।** खोड़ा में स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को लेकर स्थानीय स्तर पर सक्रियता बढ़ती नजर आई। भाजपा नेत्री कविता करगेती ने क्षेत्र की मातृशक्ति के साथ मिलकर बिजली उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों को उठाते हुए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात की और उन्हें एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपा। मुलाकात के दौरान कविता करगेती ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को बिलिंग में अनियमितता, गलत रीडिंग और तकनीकी खामियों जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन दिक्कतों के कारण आम लोगों में असंतोष बढ़ रहा है और लोगों को आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ रहा है, जिसे जल्द दूर किया जाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की महिलाएं विशेष रूप से इन समस्याओं से प्रभावित हैं और कई बार शिकायत करने के बावजूद समाधान नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में विभाग को इस मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। इस पर विभागीय अधिकारी ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों की जांच कर जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और तकनीकी खामियों को ठीक करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

इस दौरान क्षेत्र की कई महिलाएं और स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं और जल्द समाधान की मांग की।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर गाजियाबाद में जश्न कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भाजपा की बंपर एवं ऐतिहासिक जीत की खुशी में राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ के जिला कार्यालय पर कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया।

इस अवसर पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और बांटकर जीत की बधाई दी गई। कार्यकताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील बंसल और भूपेंद्र यादव सहित शीर्ष नेतृत्व को इस जीत के लिए धन्यवाद दिया।

साथ ही, बंगाल में सुशासन स्थापित करने और आतंकवाद पर नियंत्रण की दिशा में प्रयासों की सराहना की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय, पार्षद प्रदीप चौधरी, पार्षदपति प्रवीण भाटी, पूर्व आईएएस ओमवीर वीरवाल, जिला संरक्षक संदीप त्यागी, रितेश शर्मा, संजय शर्मा, आशु पाठक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इंजीनियर राशिद की हाईकोर्ट में अपील, पिता के इलाज के लिए दिल्ली में रहने की मांगी अनुमति

**नई दिल्ली।** बारामूला सांसद इंजीनियर राशिद ने आतंकवाद फंडिंग मामले में मिली अंतरिम जमानत की शर्तों में बदलाव की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की। उन्होंने बीमार पिता के इलाज के लिए दिल्ली में रहने की अनुमति मांगी। अदालत ने मामले की सुनवाई मंगलवार के लिए तय की है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल सर्वहित भारत पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय 1293/21 शक्ति नगर, न्यू पन्ना पुरी, स्वर्ग आश्रम रोड, हापुड–245101 (उ0प्र0) में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है–पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए है:– सभापति/अध्यक्षः राजेश गिरि, महासचिव/सचिवः अमित गिरि, कोषाध्यक्षः योगेन्द्र गिरि। निवासीः–1293/21 शक्ति नगर, न्यू पन्ना पुरी, स्वर्ग आश्रम रोड, हापुड–245101 (उ0प्र0) यदि किसी को सर्वहित भारत पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजे।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | मंगलवार • 05 मई -2026
गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# ढोल की थाप पर मयंक गोयल संग थिरके कार्यकर्ता





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** असम और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन के बाद गाजियाबाद में उत्सव का माहौल देखने को मिला। पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत से उठी जनसमर्थन की लहर को पार्टी कार्यकर्ताओं ने विकास और मजबूत नेतृत्व पर जनता के भरोसे का प्रतीक बताया। इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को दिया गया, जिनकी नीतियों को कार्यकर्ताओं ने जन-जन तक विकास पहुंचाने वाला बताया।



गाजियाबाद महानगर भाजपा कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया और पूरे जोश के साथ जीत का जश्न मनाया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी गईं ढोल-नगाड़ों की गूंज से माहौल उत्सवमय बना कार्यकर्ताओं ने नृत्य कर खुशी जाहिर की भारत माता की जय और भाजपा ज़िंदाबाद के नारों से परिसर गूंज उठा पूरे कार्यालय परिसर में उत्साह, गर्व और आत्मविश्वास साफ नजर आया।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, संगठन की ताकत और विकास की राजनीति की जीत है। इस सफलता को नए भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मान रहे हैं।

# नगर निगम गाजियाबाद हुआ हाईटेक

## 50 नए कंप्यूटर वितरित, ई-ऑफिस पर जोर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम मुख्यालय में विभिन्न विभागों को आधुनिक ऑल-इन-वन डेस्कटॉप कंप्यूटर वितरित किए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने अपने विभागों के कर्मचारियों को कंप्यूटर सौंपे। वी ए टेक वाबेग द्वारा उरफ के तहत 50 नवीनतम कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए। नगर आयुक्त ने सभी कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली अपनाने और डिजिटल माध्यम से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही पुराने कंप्यूटरों का डेटा सुरक्षित रूप से नए सिस्टम में ट्रांसफर कर उन्हें हटाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से कार्यक्षमता बढ़ेगी और शहर हित में बेहतर परिणाम मिलेंगे।

# अजय गुप्ता बोले: मोदी हैं तो मुमकिन है, पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को बताया ऐतिहासिक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ने पश्चिम बंगाल को लेकर बयान देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता से असंभव भी संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि 10 की झालपुरी ने ममता दीदी का बड़ा खेला कर दियाह्व और भाजपा की जीत जनता के मूड को दर्शाती है। अजय गुप्ता ने योगी आदित्यनाथ व आईपीएस अजय पाल शर्मा की सराहना करते हुए शांतिपूर्ण चुनाव कराने का श्रेय दिया। साथ ही असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व की भी प्रशंसा की। उन्होंने इसे भाजपा ही नहीं, बल्कि बेहतर शासन चाहने वालों की जीत बताया।

# बंगाल जीत पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को बधाई, मिठाई खिलाकर जताई खुशी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम):** पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रियासुद्दीन सलमानी और पार्षद राजेंद्र टीटोरिया ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। ने इस जीत को संगठन की मजबूती और नेतृत्व के प्रति जनता के विश्वास का प्रतीक बताया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और पार्टी की सफलता पर उत्साह व्यक्त किया।

# रामपुर में भाजपा की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर, राजा वर्मा ने कार्यकर्ताओं को बताया पार्टी की रीढ़



**रामपुर (करंट क्राइम)।** जनपद रामपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत ज़िला कार्य योजना समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें रामपुर ज़िला प्रभारी एवं किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने, कार्यकताओं के वैचारिक और संगठनात्मक सशक्तिकरण तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान राजा वर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत ही भाजपा की मूल विचारधारा हैं और इन्हें जमीनी स्तर तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है और प्रशिक्षण महाअभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बैठक के बाद पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी के चुनावों में भाजपा की जीत पर कार्यकताओं ने उत्साह के साथ एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिली जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे कार्यकताओं की मेहनत और पार्टी की नीतियों का परिणाम बताया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा का जोरदार प्रदर्शन: स्मार्ट मीटर के खिलाफ सड़कों पर उतरे नेता, बोले यह मीटर नहीं, चीटर है





**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** समाजवादी पार्टी ने स्मार्ट मीटर के विरोध में सोमवार को गाजियाबाद में जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। सपा कार्यालय से जिला मुख्यालय तक निकाली गई रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और स्मार्ट मीटर योजना को जनता पर थोपे जाने का आरोप लगाया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने किया। इस दौरान नेताओं ने एक स्वर में कहा कि यह मीटर नहीं, चीटर है, जो आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का काम कर रहा है। जिला मुख्यालय पहुंचकर सपा नेताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, जिसमें स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से उठाया गया। ज्ञापन में कहा गया कि स्मार्ट मीटर की तेज रीडिंग के कारण बिजली बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो रही है, प्रीपेड सिस्टम में तकनीकी खामियों के चलते बार-बार बिजली कटौती हो रही है और बिना सहमति के जबरन मीटर लगाए जा रहे हैं। साथ ही बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर भी गंभीर आपत्ति जताई गई।

### सपा की प्रमुख मांगें

**करंट क्राइम :** सपा नेताओं ने सरकार से मांग की कि प्रदेश में चल रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर अभियान पर तत्काल रोक लगाई जाए और जिन घरों में मीटर लगाए जा चुके हैं, उन्हें हटाकर पुराने सिस्टम को बहाल किया जाए। प्रदर्शन में शामिल प्रमुख सपा नेताओं में महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग, पूर्व प्रत्याशी सिकंदर यादव, सिंह राज, धर्मवीर डाबस, राजदेवी चौधरी, रमेश यादव, किरण कालिया, आशु , राजन कश्यप, मनोज पंडित सहित गाजियाबाद के कई वरिष्ठ व सक्रिय समाजवादी पार्टी नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वहीं सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो पार्टी आम जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

# कैलाभट्टा में उपद्रव पर पुलिस का बड़ा एक्शन

## तीन आरोपी गिरफ्तार, कई और रडार पर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कैला भट्टा इलाके में माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य की तलाश में लगातार ताबड़तोड़ दबिश जारी है।

डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने कहा कि इस घटना में शामिल अन्य आरोपी भी जल्द गिरफ्त में होंगे और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। बता दें कि चार मई को थाना कोतवाली नगर पुलिस ने दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे आरोपियों को स्थानीय सूचना और मुखबिर की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं, जिनमें शामिल हैं।

धारा 109(1) उकसाकर अपराध करवाना, धारा 191(1), 191(2) दंगा/उपद्रव और भीड़ द्वारा हिंसा फैलाना। इसके साथ ही

धारा 115(2) झ जानबूझकर चोट या हिंसा की कोशिश, धारा 127(2) गैरकानूनी जमावड़ा और शांति भंग करना, तो धारा 74 सार्वजनिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाना। धारा 351(2) हमला/आपराधिक बल का प्रयोग इन धाराओं से स्पष्ट है कि आरोपियों पर न केवल उपद्रव फैलाने, बल्कि हिंसा और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की साजिश में शामिल होने के आरोप हैं। डीसीपी ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपियों में फारुख (42 वर्ष), उमर (40 वर्ष) और मोहम्मद सैद (23 वर्ष) तीनों आरोपी थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के पीएसी चौक, छोटा केला भट्टा के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

वहीं अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश जारी है। कोतवाली पुलिस ने साफ किया है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे और किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अतिक्रमण पर पुलिस का सख्त प्रहार, शहरभर में चला दो गज अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ दिया है। सीपी जे रविंदर गौड के निर्देश पर 02 मई से 08 मई 2026 तक चल रहे इस विशेष अभियान के तहत सोमवार को शहर के कई प्रमुख इलाकों में व्यापक कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने सड़कों और बाजारों में फैले अवैध कब्जों को हटाते हुए अतिक्रमणकारियों पर कड़ा प्रहार किया।

कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे रखे ठेले, खोखे, अवैध निर्माण और अन्य बाधाओं को हटाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके। इन इलाकों में दिखा पुलिस का एक्शन: तिगरी अंडरपास सर्विस



रोड, घंटाघर क्षेत्र, आदित्य मॉल रोड, अंसल मॉल से वैशाली कट, भोपुरा तिराहा से टीला मोड़, लोनी तिराहा, पुराना बस अड्डा से मालीवाड़ा, मोदीनगर बस अड्डा, नंदग्राम तिराहा (मेरठ रोड) और साहिबाबाद के शनि चौक सहित कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया।

### शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की मुहिम तेज

**करंट क्राइम :** पुलिस अधिकारियों ने साफ किया है कि यह सिर्फ शुरूआत है। गाजियाबाद को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाने तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। आम जनता से अपील यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा न करें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि शहर की व्यवस्था बेहतर और सुरक्षित बनी रहे। कुल मिलाकर, गाजियाबाद में अतिक्रमण के खिलाफ यह अब तक की सबसे बड़ी और निर्णायक कार्रवाई मानी जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिल सकता है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# दहेज हत्या केस में सख्त फैसला

## आरोपी को 7 साल का कठोर कारावास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एक अहम मामले में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए दहेज उत्पीड़न व दहेज हत्या के दोषी को 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इस कार्रवाई को पुलिस की प्रभावी विवेचना और मजबूत पैरवी का परिणाम माना जा रहा है। थाना कविनगर में दर्ज मामले में आरोपी राजेश यादव लालकुआं को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट संख्या-07) गाजियाबाद ने को दोषी ठहराया है। इस मामले में धारा 304बी भादवि 7 वर्ष का कठोर कारावास, धारा 498ए भादवि : 2 वर्ष कारावास व 5,000 अर्थदंड, दहेज प्रतिषेध अधिनियम धारा 4 : 6 माह कारावास व 2,000 अर्थदंड मामले के अनुसार, आरोपी द्वारा दहेज की मांग को लेकर पीड़िता को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। जिससे तंग आकर यह गंभीर घटना हुई। इस संबंध में 09 जुलाई 2021 को थाना कविनगर में मुकदमा दर्ज कराया गया था। सीपी के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल, विवेचक अंशु जैन (तत्कालीन क्षेत्राधिकारी कविनगर) की सशक्त जांच और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता की प्रभावी पैरवी के चलते आरोपी को सजा दिलाई जा सकी। यह फैसला दहेज जैसे सामाजिक अपराधों के खिलाफ कड़ा संदेश है और गाजियाबाद पुलिस की सक्रिय कार्यशैली को दर्शाता है।






▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा बख्शी जी ने चल दिया है अब अलग ही पंच? सुना है वो एंट्री कर गये है उस संगठन में? जिसे कहा जाता है भारत तिब्बत संयोग मंच? कहने वाले ने कहा कि उन्होंने इस मंच में शामिल होकर दे दिया है पैगाम? भले ही हमें भगवा टीम में जगह ना मिली हो? मगर हम नहीं करते हैं आराम? कहने वाले ने कहा कि इस मंच के नाम से उन्होंने 64 मैम्बर को जोड़ लिया है अपने साथ? संख्या देखकर दिलजला बोला ये कौन सी है बड़ी बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के मैम्बर जो करते हैं राम के मन में निवास? सुना है वो जाने लगे थे हैवी वेट वालों के पास? बताया जाता था उनको उन दो दोस्तों का खास? सुना है जब से दी है उन्होंने हैवी वेट दस्तक? दोनों दोस्त नहीं डाल रहे हैं उनको घास? नहीं उठा रहे हैं दोनों साथी अब इन भाईसाहब के फोन? अगर गलती से उठा भी लें कॉल तो सामने से आवाज आयेगी आपने नम्बर मिला दिया है रांग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मंत्री जी के कार्यालय पर मना जीत का जश्न? मगर यहां पर दिखाई दे रहा था कुछ अलग ही टश्न?मंत्री जी की गैरमौजूदगी में उनके पुत्र ले रहे थे जीत की बधाई? बस इसी में देखने वालों को पूरा भविष्य दे रहा था दिखाई? कहने वाले कह रहे थे कि अभी से निकलने लगा है सियासत में विरासत का पैगाम? मंत्री जी माईन्ड से बहुत ही शार्प हैं? वो एडवान्स में करके चलते हैं सारे इंतजाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आने वाली 10 तारीख को पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा बनाने जा रहे हैं खास? वो समाज में देना चाह रहे हैं संदेश? समाज के कितने लोग हैं उनके साथ? इंदिरापुरम थाने के पीछे वाले एरिये में उन्होंने परशुराम जी की जयंती सैलिब्रेट करने का तैयार कर लिया है प्रोग्राम? सुना है दावत का भी रखा है अच्छा खासा इंतजाम? कहने वाले कह रहे हैं ऑफ द रिकॉर्ड ये है चुनावी पैगाम? देखना अब ये है कि बिरादरी के कितने ब्रदर कार्यक्रम में आते हैं श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उन्होंने कार्यालय पर सैलिब्रेशन में शामिल होने के लिए मिलाया था गर्ग साहब और मिस्टर शर्मा को फोन? मगर जैसा वो सोच रहे थे वैसा मामला नहीं हुआ ऑन? मिस्टर शर्मा और गर्ग साहब ने अपने ही अंदाज में मना लिया जीत का जश्न? ऊधर बज रहे थे ढोल? यहां था झालमुड़ी वितरण का माहौल? कहने वाले ने कहा कि कराने वालों ने करा दिया उनको दूरियों का अहसास? दे दिया संदेश, जब होगा संगठन का कार्यक्रम? तब आ जायेगे हम तुम्हारे पास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्टी कार्यालय पर जबरदस्त तरीके से बन रहा था जीत का जश्न? ढोल वाले का भी दिख रहा था खूब टश्न? मगर यहां पर हो रहा था एक बात पर विचार? क्यों नहीं हो रहे थे मौके पर किसी भी जनप्रतिनिधि के दीदार? सांसद से लेकर विधायक, विधायक से लेकर मेयर, मेयर से लेकर मंत्री, मंत्री से लेकर एमएलसी का नहीं दिखा मौके पर वजूद? कहने वाले ने कहा कुछ जिले से बाहर थे? कुछ अपने ही एरिये में जश्न मनाने को लेकर बेकरार थे?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन वाले मंत्री जी दे गये एक महान मंत्री के नाम पर मजबूत पैगाम? सुना है उन्होंने शार्प खोपड़े वाले का रख दिया नया नाम? बता दिया एक चेहरे को शार्प शूटर? ये चर्चा भगवा गढ़ में इस कदर फैल गयी है जैसे कोई बजा रहा हो हूटर? फिलहाल शार्प शूटर क्यों कहा इस बात का नहीं खुल रहा है राज? कहने वाले ने कहा जो भी ये एक तरह की शाबाशी है? ये उसे ही मिलती है जिसका होता है सक्रियता वाला अंदाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको संगठन की लेडीज की बता रहे हैं बात? सुना है लेडी मोर्चा वाले मामले में पूरे राय से एक दीदी निभा रही है शर्मा दीदी का साथ? सुना है ठाकुर दीदी को रोकने के लिए मिला लिये हैं दोनों ने हाथ? रोज इसी योजना पर होती है दोनों की बात? धीरे धीरे इस गेम में पूरी शीतलता से मैडम चौधरी ने भी ले ली है एंट्री? पता चले हो जाये उनकी घोषणा और ये सभी मलती रह जायें हाथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जबसे हर फिक्र को उड़ाने वाले तरूण भईया का कार्यालय पर बढ़ गया है आना जाना? तब से चल रहा है चर्चाओं का भी तराना? कई शर्मा चेहरे उनमें ढूंढ रहे हैं दावेदार? सोच रहे हैं कहीं ये भाई साहब संगठन के रिक्त पद पर आने का तो नहीं बना रहे हैं विचार? कहने वाले ने कहा कि घबराये हुए शर्मा चेहरे इस बात से हों जायें निफराम? ये शर्मा जी बहुत पुराने हो गये हैं? अब इस पद पर नहीं होगा उनकी महत्वकाशांओं का समाधान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व चेयरमैन मैडम भाटी की हमें लग रही है संगठन के रिक्त पद पर आने की उम्मीद? हम देख रहे हैं वो कार्यकारिणी सदस्य बनने के बावजूद भी दे रही हैं लगातार कार्यालय पर दस्तक? कहने वाले ने कहा कि ये रिक्त पद महिला के लिए ही आवंटित किया गया था? क्या पता मैडम भाटी के लिए किस्मत खोले उनका मस्तक?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# पुलिस कमिश्नरेट में अनुशासन पर सख्ती कई दरोगा-सिपाहियों पर एक्शन

## दो दरोगा सस्पेंड एक लाइन हाजिर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सोमवार को अनुशासन को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए विभिन्न थानों में तैनात कई पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ के निर्देश पर तीन अलग-अलग प्रकरणों में निलंबन और लाइन हाजिर जैसी कार्रवाई अमल में लाई गई, जिससे पूरे महकमे में सतर्कता का माहौल बन गया है। दिनभर की समीक्षा में सामने आया कि पुलिस कमिश्नरेट स्तर पर ड्यूटी में लापरवाही, अनुशासनहीनता और जनता के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जोन के पुलिस उपायुक्तों ने त्वरित निर्णय लिए। साहिबाबाद थाना क्षेत्र में तैनात उपनिरीक्षक गौरव खरेड़ा को आम जनता के साथ दुर्व्यवहार और अमर्यादित भाषा के प्रयोग के आरोप में निलंबित किया गया। वहीं, नंदग्राम थाना में ड्यूटी के दौरान अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता के चलते उपनिरीक्षक आकाश कुमार राय, मुख्य आरक्षी अरुण कुमार और आरक्षी सुनील कुमार को भी निलंबित कर दिया गया।

इसी क्रम में अंकुर विहार थाना क्षेत्र में तैनात उपनिरीक्षक अवनीश कुमार (कार्यवाहक चौकी प्रभारी, डाबर तालाब) के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए उन्हें लाइन हाजिर किया गया। इन सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच के आधार पर कार्रवाई की गई है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने स्पष्ट किया है कि पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर लापरवाही या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करें। कमिश्नरेट पुलिस ने आम नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और पुलिस व्यवस्था में सुधार के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी है।

# महिला थानाध्यक्ष बनीं बेबी सिंह

## महिला अपराध नियंत्रण पर रहेगा फोकस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देशन में महिला अपराधों पर सख्ती और मामलों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए बेबी सिंह को महिला थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बेबी सिंह इससे पहले साहिबाबाद थाने में तैनात थीं और वर्ष 2015 बैच की उपनिरीक्षक हैं। अपने कार्यकाल के दौरान वह कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुकी हैं और उनकी कार्यशैली को लेकर विभाग में सकारात्मक छवि मानी जाती है। सूत्रों के अनुसार, बीते करीब तीन महीनों में महिला थाना प्रभारी के पद पर लगातार बदलाव देखने को मिला है। ऐसे में अब यह देखना अहम होगा कि बेबी सिंह इस जिम्मेदारी पर कितने समय तक बनी रहती हैं और महिला अपराधों की रोकथाम व पीड़िताओं को न्याय दिलाने में किस तरह प्रभावी भूमिका निभाती हैं। पुलिस विभाग की ओर से स्पष्ट संकेत हैं कि महिला सुरक्षा, शिकायतों का त्वरित निस्तारण और संवेदनशील मामलों में सख्त कार्रवाई प्राथमिकता में रहेगी।

# 'सैनिकों की कटौती के बाद भी अमेरिका के साथ जारी रखेंगे सहयोग'



## जर्मन चांसलर मर्ज का बयान



**बर्लिन।** पेंटागन ने जर्मनी से लगभग 5,000 अमेरिकी सैनिकों की वापसी की योजना बनाई है। हालांकि, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिका के साथ सहयोग जारी रखने की बात कही। ट्रंप ने हाल में यूरोप में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती घटाने का एलान किया था।

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हाल ही में हुई जुबानी जंग के बावजूद वह अमेरिका के साथ सहयोग नहीं छोड़ेंगे। पेंटागन ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह जर्मनी से लगभग 5,000 अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बना रहा है। अमेरिका की ओर से किए गए इस एलान से पहले जर्मन चांसलर मर्ज ने कहा था कि अमेरिका के पास ईरान में सैन्य कार्रवाई का कोई ठोस प्लान नहीं है और उसको ईरान के नेतृत्व से अपमान का सामना करना पड़ रहा है।

सार्वजनिक प्रसारक एआरडी के साथ एक इंटरव्यू के दौरान मर्ज ने यह भी पुष्टि की कि अमेरिका फिलहाल जर्मनी में टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें तैनात नहीं करेगा। हालांकि, उनका मानना है कि इस प्लान को हमेशा के लिए नहीं छोड़ा गया है।

टॉमहॉक हथियार प्रणाली का वादा असल में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने 2024 में यूरोप की रक्षा को मजबूत करने के लिए किया था। सैनिकों की संख्या में कटौती की घोषणा के साथ ही कई अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स ने हाल ही में कहा कि अमेरिका ने यूरोपीय सैनिकों को मजबूत करने का प्लान भी रद्द कर दिया है।

मर्ज ने कहा, अमेरिकियों के पास अभी खुद काफी सैनिक नहीं हैं। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में अमेरिका को जर्मनी का सबसे जरूरी साझेदार बताते हुए जर्मन चांसलर ने कहा कि अमेरिका के सैनिकों को वापस बुलाने के ट्रंप के फैसले की उनकी पहले की आलोचना से कोई लेना-देना नहीं है।

### जर्मनी से सैनिकों की वापसी पर ट्रंप ने क्या कहा था?

राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले कहा था कि अमेरिका उन 5,000 से बहुत ज्यादा सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बना रहा है, जिनके बारे में पेंटागन ने इस हफ्ते की शुरूआत में कहा था कि वे जर्मनी छोड़ देंगे। ट्रंप ने अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी राज्य फ्लोरिडा में एयर फोर्स वन में चढ़ने से पहले मीडिया से कहा, हम बहुत कम करने जा रहे हैं और हम 5,000 से भी ज्यादा कटौती कर रहे हैं।

### मर्ज पर साधा था ट्रंप ने निशाना

मर्ज पर निशाना साधते हुए ट्रंप ने निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें (जर्मन चांसलर को) पता नहीं वह किस बारे में बात कर रहे हैं और उन्हें ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं से कोई फर्क नहीं पड़ता।

### ट्रंप ने सोशल मीडिया पर क्या कहा

ट्रंप ने बुधवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका जर्मनी में सैनिकों की संख्या कम करने पर विचार कर रहा है और यह फैसला अगले कुछ समय में किया जाएगा। उन्होंने गुरुवार को कहा कि वह स्पेन और इटली में भी अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी कम कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा, मुझे क्यों नहीं करना चाहिए? इटली ने कोई मदद नहीं की है। स्पेन का रवैया भी बहुत बुरा रहा है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य में दोहरे हमले से बढ़ा तनाव

## कुछ घंटों में दो जहाजों को बनाया गया निशाना

**दुबई।** होर्मुज जलडमरूमध्य में कुछ ही घंटों के भीतर दो जहाजों पर हमले से अंतरराष्ट्रीय चिंता बढ़ गई है। यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन के अनुसार, फुजैरा तट के पास एक तेल टैंकर को अज्ञात प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया।पश्चिम एशिया के संवेदनशील समुद्री मार्ग होर्मज जलडमरूमध्य में एक बार फिर सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कुछ ही घंटों के अंतराल में दो जहाजों पर हमले की घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है।

### सुरक्षा एजेंसी ने क्या जानकारी दी?

ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (वङटळड) ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात करीब 11:40 बजे संयुक्त अरब अमीरात के फुजैरा तट के पास एक तेल टैंकर को अज्ञात प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया। हमले में जहाज के सभी चालक






दल के सदस्य सुरक्षित हैं और किसी तरह का पर्यावरणीय नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, हमले के पीछे किसका हाथ है, इसे लेकर अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### पिछले दिनों भी हुआ था हमला

इससे पहले रविवार को ही इसी जलडमरूमध्य में एक अन्य जहाज पर भी हमला किया गया था। लगातार हो रही इन घटनाओं ने क्षेत्र में अस्थिरता को और बढ़ा दिया है, खासकर ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव के बीच।

विशेषज्ञों के मुताबिक, होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा कच्चा तेल गुजरता है। ऐसे में यहां किसी भी तरह की सुरक्षा चूक या हमला वैश्विक बाजारों और समुद्री व्यापार पर व्यापक असर डाल सकता है।

# डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ बातचीत को बताया सकारात्मक, कहा- निकल सकते हैं अच्छे नतीजे



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही बातचीत को सकारात्मक बताया है और अच्छे नतीजों की उम्मीद जताई है। दूसरी ओर, ईरान ने पाकिस्तान के माध्यम से मिले अमेरिकी जवाब की समीक्षा शुरू कर दी है। तेहरान का कहना है कि उनका 14-सूत्रीय प्रस्ताव केवल युद्ध खत्म करने पर केंद्रित है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि उनके प्रतिनिधि ईरान के साथ सकारात्मक बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि ये चचाएं सक्रिय रूप से जारी हैं और इनसे सभी के लिए बहुत अच्छे नतीजे निकल सकते हैं। ट्रंप के इस बयान से संकेत मिलता है कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक जुड़ाव बना हुआ है।

अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने भी इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच बातचीत चल रही है। विटकॉफ ने यह बात ट्रंप के गोल्फ क्लब में एक कार्यक्रम के दौरान कही। उनका कहना है कि इस बातचीत का मकसद क्षेत्र में चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए संभावित रास्तों की तलाश करना है।

हालांकि, ट्रंप का यह ताजा रुख उनके पिछले बयानों से थोड़ा अलग है। एक दिन पहले उन्होंने ईरान के प्रस्ताव की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि वह कल्पना भी नहीं कर सकते कि ईरान का प्रस्ताव स्वीकार करने लायक होगा। ट्रंप के अनुसार, ईरान ने मानवता के खिलाफ किए गए अपने कामों की अभी तक पर्याप्त कीमत नहीं चुकाई है। ट्रंप ने एक फोन कॉल के दौरान भी दोहराया कि वह ईरान के प्रस्ताव से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ईरान समझौता तो करना चाहता है, लेकिन उनकी शर्तें ऐसी हैं जिन्हें माना नहीं जा सकता। ट्रंप ने यह भी कहा कि उनका सैन्य अभियान बहुत सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। दूसरी तरफ, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने बताया कि उन्हें पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका का जवाब मिल गया है। ईरान इस समय अमेरिका के नजरिए की समीक्षा कर रहा है और अंतिम फैसला होने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देगा। बघाई ने साफ किया कि ईरान का 14-सूत्रीय प्रस्ताव केवल क्षेत्र में युद्ध खत्म करने के लिए है। इसमें परमाणु मुद्दे से जुड़ी कोई बात शामिल नहीं है।

# 15 हजार अमेरिकी सैनिक और 100 लड़ाकू विमानों की तैनाती से भड़का ईरान

**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका के 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' और ईरान की सीधी हमले की धमकी ने वैश्विक व्यापार और शांति को खतरे में डाल दिया है। 15 हजार सैनिकों की मौजूदगी के बीच एक छोटी सी चिंगारी भी बड़े युद्ध का रूप ले सकती है। अमेरिक के किस एलान से ईरान भड़क उठा है?

पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने सोमवार को अमेरिकी सेना को चेतावनी दी है कि यदि वे होर्मुज में प्रवेश करते हैं, तो उन पर हमला कर दिया जाएगा। ईरान के मुख्य सैन्य कमान खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर ने कहा, 'हम चेतावनी देते हैं कि किसी भी विदेशी सशस्त्र बल, विशेष रूप से आक्रामक अमेरिकी सेना पर हमला किया जाएगा, यदि वे होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश करने का इरादा रखते हैं।'

ईरान ने यह भी दावा किया कि इस जलमार्ग की सुरक्षा पूरी तरह उसके नियंत्रण में है और किसी भी जहाज के



सुरक्षित मार्ग के लिए ईरानी सशस्त्र बलों के साथ समन्वय करना अनिवार्य है।

### अमेरिका का प्रोजेक्ट फ्रीडम

अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ईरान क्यों भड़का हुआ है? दरअसल, सोमवार को अमेरिका ने होर्मुज में फंसे जहाजों को मुक्त कराने के लिए सैन्य अभियान चलाने की घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मिशन को प्रोजेक्ट फ्रीडम का नाम दिया। ट्रंप ने कहा कि कई देशों ने अमेरिका से मदद मांगी है क्योंकि उनके व्यापारिक जहाज इस संघर्ष में बिना किसी गलती के फंसे हुए हैं। ट्रंप ने कहा, 'कई जहाजों पर भोजन और आवश्यक सामग्री खत्म हो रही है। ईरान, पश्चिम एशिया और अमेरिका की भलाई के लिए हम इन जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालेंगे।' अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस सैन्य तैनाती की पुष्टि कर दी है। इस ऑपरेशन में गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक, 100 से अधिक विमान और लगभग 15,000 सैनिक शामिल किए गए हैं। पेंटागन के नेतृत्व में यह मिशन सोमवार सुबह से शुरू हुआ है, जिसका उद्देश्य वाणिज्यिक जहाजों के लिए नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करना है। अमेरिका के इस घोषणा के बाद ईरान ने चेतावनी दी है। पिछले कुछ दिनों से पश्चिम एशिया में शांति है, लेकिन इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के एलान ने आग में घी डालने का काम किया है।

### 14-सूत्रीय शांति प्रस्ताव पर टिकी दुनिया की नजरें

इस बीच यह भी खबर आई है कि पाकिस्तान इस समय अमेरिका और ईरान के बीच मुख्य मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को एक 14-सूत्रीय शांति प्रस्ताव भेजा है, जो अमेरिका के 9-सूत्रीय प्रस्ताव के जवाब में तैयार किया गया है। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप ने इस प्रस्ताव पर संदेह जताया है, लेकिन वे इसकी समीक्षा करने को तैयार हैं।

# होर्मुज नाकेबंदी पर अकेले पड़े ट्रंप, यूरोप ने पीछे खींचे हाथ

**संयुक्त राष्ट्र।** होर्मुज को लेकर बढ़ते संकट में यूरोप और अमेरिका के बीच रणनीतिक मतभेद साफ दिखने लगे हैं। जहां अमेरिका सैन्य विकल्प के जरिए रास्ता खोलने की कोशिश कर रहा है, वहीं फ्रांस और यूरोप बातचीत आधारित समाधान पर जोर दे रहे हैं। इस बीच, ईरान की सख्त चेतावनी और पाकिस्तान की मध्यस्थता ने इस संकट को और जटिल लेकिन कूटनीतिक रूप से सक्रिय बना दिया है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर जारी संकट के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने साफ कर दिया है कि यूरोप इस मुद्दे पर अमेरिका से अलग रणनीति अपनाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि यूरोप अपना स्वतंत्र सुरक्षा ढांचा तैयार कर रहा है और अमेरिका के नेतृत्व वाले किसी अस्पष्ट सैन्य ऑपरेशन का हिस्सा नहीं बनेगा।



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों

आर्मेनिया की राजधानी येरेवन में आयोजित यूरोपीय पॉलिटिकल कम्युनिटी की 8वीं बैठक में मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय संघ अपनी सुरक्षा और रक्षा के लिए खुद समाधान बना रहा है। हम अपनी किस्मत अपने हाथ में ले रहे हैं और कॉमन सिक्योरिटी फ्रेमवर्क विकसित कर रहे हैं।

### अमेरिकी प्रोजेक्ट फ्रीडम से दूरी

मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए प्रोजेक्ट फ्रीडम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। यह पहल होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए शुरू की गई है।

उन्होंने कहा कि हम ऐसी किसी पहल में हिस्सा नहीं लेंगे, जिसका ढांचा स्पष्ट न हो। हालांकि फ्रांस ने जलमार्ग को फिर से खोलने के प्रयासों का समर्थन किया, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी भी फोर्स-बेस्ड ऑपरेशन में शामिल नहीं होगा, जब तक कि उसका स्पष्ट और सहमति आधारित ढांचा न हो।

### कूटनीतिक समाधान पर जोर

मैक्रों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का सबसे टिकाऊ तरीका अमेरिका और ईरान के बीच समन्वित समझौता है। उन्होंने फ्री और बिना टोल के नेविगेशन को सुनिश्चित करने के लिए बातचीत को ही एकमात्र रास्ता बताया।

### जमीन पर तनाव बरकरार

इस बीच, क्षेत्र में हालात अभी भी बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। 28 फरवरी के बाद से तनाव तेजी से बढ़ा है, जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले किए और जवाब में तेहरान ने भी इजरायली ठिकानों और खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ईरान ने साफ चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी सेना होर्मुज जलडमरूमध्य के करीब आती है, तो उस पर हमला किया जाएगा।

### बातचीत की कोशिशें जारी

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका के प्रस्ताव की समीक्षा की जा रही है, जो पाकिस्तान के जरिए मिला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल प्राथमिकता सिर्फ युद्ध को रोकना है, जबकि परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी चर्चाओं को अटकल बताया।

### पाकिस्तान की मध्यस्थता

इस पूरे घटनाक्रम में पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार के बीच फोन पर बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय हालात और शांति बहाली के प्रयासों पर चर्चा की, जबकि ईरान ने पाकिस्तान की रचनात्मक और ईमानदार कूटनीतिक कोशिशों की सराहना की।

# दो हिंदू अल्पसंख्यकों का सीएसएस में चयन

## अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 123 सीटें अभी भी खाली

**कराची।** पाकिस्तान में सिंध के जीवन रेबारी और खेम चंद जंडोरा सीएसएस परीक्षा पास कर संघीय सेवा के लिए चुने गए। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी सफलता अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में अहम उपलब्धि है।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दो पुरुषों ने देश की संघीय सिविल सेवा में शामिल होने की योग्यता हासिल की है। सिंध प्रांत के जीवन रेबारी और खेम चंद जंडोरा उन 170 उम्मीदवारों में शामिल हैं, जिन्हें संघीय लोक सेवा आयोग द्वारा गुरुवार को परिणाम घोषित होने के बाद केंद्रीय सुपीरियर सेवा (सीएसएस) में शामिल होने के लिए योग्य घोषित किया गया। यह उपलब्धि ऐसे समय में मिली है जब सरकारी नौकरियों में अल्पसंख्यक समूहों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम रहा है। 2023 की जनसंख्या जनगणना के अनुसार,




38 लाख की कुल आबादी के साथ हिंदू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय हैं, जो अधिकतर सिंध प्रांत में रहते हैं।

### अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटें अब भी खाली

पाकिस्तान की सीएसएस में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम रहा है, जिसके कारण सरकार ने समावेश बढ़ाने के लिए 2025 में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी पहल शुरू की है। संघीय लोक सेवा आयोग के अनुसार, देशभर से 12,792 लोगों ने लिखित परीक्षा दी थी। इनमें से 355 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए, और आगे के दौर के बाद कुल 170 उम्मीदवारों का चयन किया गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 123 सीटें अभी भी खाली हैं, जो इन पुरुषों की शीर्ष सूची में जगह बनाने के महत्व को और उजागर करता है। संविधान संघीय नौकरियों में अल्पसंख्यकों के लिए समान अधिकारों और पांच फीसदी कोटा की गारंटी देता है।

हालांकि, उनका वास्तविक प्रतिनिधित्व कोटा सीमा से कम बना हुआ है। सीएसएस में विदेश सेवा से लेकर डाक सेवा तक 12 समूह हैं। 2022 के परिणामों के बाद राजेंद्र मेनघवार पहले हिंदू पीएसपी (पाकिस्तान पुलिस सेवा) अधिकारी बने थे। राजेंद्र की सफलता ने भी अन्य लोगों को इस क्षेत्र में शामिल होने और एक उदाहरण बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

# नासा के शक्तिशाली एआई टूल ने खोजे 100 से ज्यादा छिपे ग्रह, टेस मिशन के पहले 31 नए एक्सोप्लैनेट की पुष्टि

**वारविक।** शोधकर्ताओं ने उन ग्रहों पर विशेष ध्यान दिया जो, अपने तारों के बहुत करीब परिक्रमा करते हैं और 16 दिनों से कम समय में एक चक्कर पूरा कर लेते हैं। स्टडी की प्रमुख लेखिका डॉ. मरीना लाफार्गा मैग्रो के अनुसार, रेवन पाइपलाइन की मदद से 118 नए ग्रहों की पुष्टि की गई और 2,000 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले संभावित ग्रहों की पहचान हुई, जिनमें 1,000 नए हैं। नई खोज में कुछ खास प्रकार के ग्रह शामिल हैं।



खगोलविदों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित नए शक्तिशाली टूल रेवन की मदद से नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (टीईएसएस-टेस) मिशन के डाटा में 100 से अधिक एक्सोप्लैनेट यानी सौर मंडल के बाहर के ग्रहों की पुष्टि की है। इनमें 31 पूरी तरह नए ग्रह शामिल हैं। इसमें ऐसे दुर्लभ और चरम ग्रह भी मिले हैं, जो अपने तारों के बेहद करीब अत्यंत तेज गति से चक्कर लगाते हैं या फिर उस रहस्यमय क्षेत्र नेप्च्यूनियन डेजर्ट में मौजूद हैं, जहां ग्रहों का मिलना बेहद कम माना जाता है। नेप्च्यूनियन डेजर्ट अर्थात अंतरिक्ष का वह क्षेत्र जहां नेप्च्यून जैसे आकार के ग्रह (मध्यम आकार के गैस ग्रह) बहुत कम पाए जाते हैं, खासकर तब जब वे अपने तारे के बेहद करीब परिक्रमा करते हों।

यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक के खगोलविदों ने किया है। इसके निष्कर्ष मंथली नोटिसेस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी (एमएनआरएएस) जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। शोध टीम ने नासा के टेस मिशन के पहले चार वर्षों के दौरान एकत्र किए गए 22 लाख से अधिक तारों के डाटा का विश्लेषण किया। झूठे संकेत भी पहचानता है रेवन

आधुनिक अंतरिक्ष मिशन हजारों संभावित ग्रहों के संकेत दर्ज करते हैं, लेकिन असली ग्रह और झूठे संकेतों में अंतर करना चुनौतीपूर्ण होता है। रेवन इसी समस्या को हल करता है। इसे लाखों सिमुलेटेड डाटा पर प्रशिक्षित किया गया है, ताकि यह पहचान सके कि चमक में कमी का कारण वास्तव में कोई ग्रह है या अन्य खगोलीय घटना।

**खोज में कुछ बेहद खास प्रकार के ग्रह हैं शामिल**

शोधकताओं ने उन ग्रहों पर विशेष ध्यान दिया जो, अपने तारों के बहुत करीब परिक्रमा करते हैं और 16 दिनों से कम समय में एक चक्कर पूरा कर लेते हैं। स्टडी की प्रमुख लेखिका डॉ. मरीना लाफार्गा मैग्रो के अनुसार, रेवन पाइपलाइन की मदद से 118 नए ग्रहों की पुष्टि की गई और 2,000 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले संभावित ग्रहों की पहचान हुई, जिनमें 1,000 नए हैं। नई खोज में कुछ खास प्रकार के ग्रह शामिल हैं।

# ईरान के नए शांति प्रस्ताव को ट्रंप ने किया खारिज

**वाशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका को युद्ध समाप्त करने के लिए 14 सूत्रीय शांति प्रस्ताव भेजा था।

इसमें लेबनान सहित सभी मोर्चों पर युद्ध के स्थायी अंत और होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए नए नियम की मांग की गई थी। हालांकि, अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की ओर से भेजे गए नए शांति प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है।


## खोया-पाया

मेरा आधार कार्ड नंबर 7648 36782616 एवं आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र एवं 12 वीं की अंक तालिका, टी सी कहीं गुम हो गई है किसी अन्य के द्वारा इनका प्रयोग अवैध माना जाए मिलने पर निम्न पते पर सूचित करें प्रार्थनी पायल कुमारी पुत्री ऋषिपाल निवासी कनावनी शिप्रा सन सिटी इंदिरापुरम गाजियाबाद मोबाइल नंबर 8448180623



## कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर गाजियाबाद।

पत्रांक /606/ न0पा0प0खो0 / 2026 दिनांक: 04 मई 2026

—:: पार्क, खेल के मैदानों और खुली एवं खाली जगहों की सूची ::—

**स्थानीय निकाय का नाम—नगर पालिका परिषद खोड़ा—मकनपुर, जनपद गाजियाबाद**

उ0प्र0 पार्क, खेल के मैदान और खुली जगहे (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्ट 1975 तथा उ0प्र0 पार्क, खोल का मैदान और खुली एवं खाली जगह (विनियमन और नियंत्रण) नियमावली 2005 से आच्छादित, नियम 4 के अधीन नगर पालिका परिषद खोड़ा—मकनपुर गाजियाबाद द्वारा निम्नवत सूची प्रकाशित की जाती है, यदि उक्त सूची पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रकाशन से 03 माह के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद खोड़ा—मकनपुर को प्रेषित कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त कोई आपत्ति ग्राहय नहीं होगी।

अनन्तिम सूची (प्रपत्र—1)

| क्र0 सं0 | नाम / गाटा सं0 | वार्ड का नाम तथा संख्या | अवस्थिति | क्षेत्रफल / आकार ल0Xचौ0 (वर्ग मीटर) | विस्तृत अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | खसरा सं0—1005 एवं 1006 | संगम पार्क वार्ड नं0—03 | पार्क | 55X13.50 | संगम पार्क वार्ड नं0—03 |

अवर अभियन्ता

(डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी

(मोहिनी शर्मा)
अध्यक्ष